

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 04 दिसंबर 2024 | वर्ष: 02, अंक: 289 पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## पिछले तीन वर्षों में भारत-पाक सीमा पर पांच सैनिक शहीद हुए

## भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई है

**नई दिल्ली**
गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन वर्षों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर पांच भारतीय सैनिक शहीद हुए हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पिछले तीन वर्षों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवादी हमलों में हताहत हुए भारतीय सैनिकों का विवरण साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2021 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर चार सैनिक शहीद हुए, जबकि 2022 में एक सैनिक की जान चली गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा सहित आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई है तथा सरकार का दृष्टिकोण आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप सीमा पर आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण हुआ है। उन्होंने कहा कि इन उपायों में आतंकवाद से संबंधित सभी मामलों पर केन्द्र और राज्य स्तर पर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के बीच घनिष्ठ और प्रभावी समन्वय शामिल है।

इसके अलावा मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को मजबूत करना और इसे अन्य खुफिया एजेंसियों और राज्यों के साथ आतंकवाद से संबंधित सभी मामलों पर वास्तविक समय पर खुफिया जानकारी एकत्र करने और साझा करने के लिए 2497 आधार पर कार्य करने के लिए व्यवस्थित करना, और राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सूचना का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा विशेष बलों का गठन किया गया। ऐसी घटनाओं से निपटने में राज्यों की सहायता के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को भी विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। मंत्री ने कहा कि आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की स्थापना की गई है। केंद्रीय एजेंसियों ने खुफिया जानकारी साझा करने और आतंकवादी मामलों की जांच के संबंध में राज्य बलों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। सीमा सुरक्षा बलों द्वारा सीमा पर चौबीसों घंटे निगरानी, नियमित गश्त, सुरंग रोधी अभ्यास, नाके लगाना तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी चौकियों पर कर्मियों की तैनाती के माध्यम से आतंकवादी घुसपैठ को रोकने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा बाड़ के रूप में भौतिक अवसंरचना का निर्माण तथा रखरखाव किया गया है तथा अंधेरे के समय क्षेत्र को रोशन करने के लिए सीमा पर फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। कमजोर सीमा चौकियों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा अतिरिक्त जनशक्ति, विशेष निगरानी उपकरण तथा अन्य बल गुणकों की तैनाती करके उन्हें मजबूत बनाया जाता है। कमजोर सीमा क्षेत्रों में व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली के रूप में एक तकनीकी समाधान लागू किया गया है। सीमा सुरक्षा बलों को सख्त सतर्कता तथा निगरानी बनाए रखने तथा घुसपैठ को रोकने के लिए सभी संभव कदम उठाने की सलाह दी गई है।



### एलएसी के कुछ क्षेत्रों पर समझ का अभाव, चीन से वार्ता में सीमा पर अमन-चैन को प्राथमिकता: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली**
**विदेश मंत्री** डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। दोनों पक्षों (भारत और चीन) को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए।

### तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली**
प्राकृतिक तेल एवं गैस उत्खनन के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने सहित इस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से लाये गये तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 को मंगलवार को राज्यसभा ने पारित कर दिया।
केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में




बड़े निवेश की जरूरत होती है। गहरे समुद्र में एक तेल का कुंआ बनाने पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश करना पड़ता है। कंपनियों को इतना बड़ा निवेश करने के एवज में लाभ चाहिए होता है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक का मकसद इस क्षेत्र के लिए स्थिर कानून, विवाद निपटारा, एकल लीज आदि की वैधानिक व्यवस्था करना है। इससे किसी भी राज्य सरकार का अधिकार नहीं छीना जा रहा है, क्योंकि तेल क्षेत्र के आवंटन और उस पर रॉयल्टी का अधिकार राज्यों के पास ही है।

### भारतीय वायुयान विधेयक 2024 राज्यसभा में पेश



**नई दिल्ली**
**नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन** नायडू ने मंगलवार को राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक 90 साल पुराने विधेयक को प्रतिस्थापित करेगा। लोकसभा से यह विधेयक पिछले सत्र में पारित हो चुका है। विधेयक में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, अधिकार, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात और आयात के विनियमन और नियंत्रण तथा उससे जुड़े मामलों का प्रावधान है। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 भारत को डिजाइन राज्य के रूप में सक्षम बनाने, विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने पर जोर देता है। विधेयक को पेश करने समय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि विधेयक 1934 के विमान अधिनियम को प्रतिस्थापित करेगा। यह लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। वहां से सभी दलों से व्यापक समर्थन मिला था। उन्होंने बताया कि 1934 में अग्रेजों के काल में बने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को विनियमित करने से जुड़े विधेयक में 90 सालों के दौरान 21 बार संशोधन हो चुका है। इसके चलते विधेयक के प्रावधान अव्यवस्थित से हो गये थे। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन ने भारत को सुझाव दिया था कि नए सिरे से विधेयक लाए।
विधेयक में नागरिक उड्डयन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों को विनियमित करने वाली संस्थाओं के कामकाज को लेकर स्पष्टता लाई गई है।

### इंग्लैंड और न्यूजीलैंड पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**क्राइस्टचर्च**
इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दोनों टीमों पर जुमार्ना लगा है। दोनों टीमों पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगने के साथ तीन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता अंक में भी कटौती की गई है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड बून ने समय भत्ते पर विचार करने के बाद बेन स्टोक्स और टॉम लैथम दोनों पक्षों को लक्ष्य से तीन ओवर कम होने के कारण प्रतिबंध लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खेलने की स्थिति के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, एक पक्ष को प्रत्येक ओवर कम के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है।

### भारत अतंरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का समापन

**नई दिल्ली**
आईआईटी गुवाहाटी में पिछले चार दिनों से चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस महोत्सव में भारत को विनिर्माण केन्द्र बनाने के साथ देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।







## आपरेशन मजनू के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला



हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन मजनू के तहत महिला स्कूल/कालेजों के आस-पास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स अवांछनीय तत्वों के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

## पुलिस द्वारा पांच वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना रविन्द्रनगर धूस पुलिस द्वारा वारण्टी सद्दीक अंसारी पुत्र मु0 अजीज अंसारी निवासी परसौनी थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार थाना कुबेरस्थान पुलिस द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तों बेचन पुत्र भोला ,अशोक पुत्र नरायन , गुड्डू पुत्र भोला ,पारस पुत्र नरायन साकिनान जंगल पचरुखिया थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।





## ट्रेन दुर्घटना में मासूम बच्ची की मौत परिजन बोले-खेलते समय पटरी पर पहुंची हम देख नहीं सके

**संजीव विश्वकर्मा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! स्यो**हारा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर दो साल की एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से परिजनों में गहरा दुख और कोहराम मच गया। गांव शाफियाबाद निवासी सोनू की दो साल की बेटी आयरा आज सुबह घर के बाहर खेल रही थी।खेलते-खेलते वह घर के सामने स्थित रेलवे लाइन तक पहुंच गई। तभी राप्ती गंज एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची को शायद ट्रेन का आना नजर नहीं आया।



**पुलिस की प्रतिक्रिया**

बच्ची की मौत के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस के एसआई असकर खां, जीआरपी के धर्मेंद्र सिंह भुल्लर और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दियो पुलिस ने शव का पंचनामा किया और शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इस दर्दनाक हादसे ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है।

## अवैध तमंचा कारतूस संग युवक दबोचा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सफदरगंज पुलिस अपराधियों की तलाश में चेकिंग के दौरान तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्त महबूब आलम पुत्र स्व0 अली हसन निवासी रामपुर कटरा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।




# हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में महिलाओं को दी जानकारी





**महिलाओं/ बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्मिशन शक्तिह्न पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत फर.एउएछ ढवइछक्क रउलङडडछ में कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं व महिला सुरक्षा हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया । समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## डीएम ने की गैर आकांक्षी विकास खंडों तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड के प्रगति की विस्तृत समीक्षा

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

कौशांबी। डीएम मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गैर आकांक्षी 03 विकास खण्ड-सिराथू, नेवादा एवं सरसवॉ तथा आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 24 पैरामीटर के तहत विकास खण्डों में तैनात कर्मचारी ग्राम पंचायतों का नियमित रूप से भ्रमण कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराये जाने के लिए प्रतिदिन की रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। खण्ड विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे एवं हर 4 दिन में समीक्षा कर रिपोर्ट प्राप्त की जायेंगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तरीय नामित अधिकारी/कर्मचारी आवंटित ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण करायें।

उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इंडिकेटर्स में जनपद की रैंक की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन का उद्घाटन

**वाराणसी। 13वां** राष्ट्रीय बीज सम्मेलन 2024, जो कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 28 से 30 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र , गया वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में 700 से अधिक प्रतिनिधि जिसमें विशेषज्ञ,नीति निमार्ता, उद्योग जगत के नेता, शोधकर्ता और किसान शामिल हैं, बीज क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों और प्रगति पर चर्चा करेंगे।

उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, डॉ. देवेश चतुर्वेदी, कृषि सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार; डॉ. यवोन पिंटो, महानिदेशक, श्रीमती शुभा ठाकुर, अतिरिक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ. अजय कोहली, उप महानिदेशक समेत अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## फूलपुर में वकीलों ने बंद कराया नायब तहसीलदार की कोर्ट

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर** । इन दिनों जिले से लेकर तहसील तक अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते तहसील के सभी कार्य यहां तक की कोर्ट भी बाधित है। इस बीच मंगलवार को फूलपुर में नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार रावत ने अपनी कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू कर दी, एक फाइल का निपटारा हुआ था। तभी वकीलों से विवाद हो गया और हंगामा होने लगा तभी तहसील के तमाम अधिवक्ता सुनकर भागे आए अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी भी आ गए, मौके की नजाकत भापते हुए कोर्ट बंद कराया गया। कुछ अधिवक्ताओं का कहना था कि पांच मुकदमों में पुकार हो चुकी है। उसको सुन लिया जाए परंतु अधिकांश इस पर असहमत थे, कि जब हड़ताल चल रही है तो फिर किसके अनुमति से कोर्ट चलाई जा रही है फिलहाल शोर शराबे और हंगामा को देखते हुए उक्त कोर्ट को बंद करा कर ही वकील हटे।



## अन्तर्जनपदीय 3 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 5 चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस, मोबाइल, नगदी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। क**प्तान धवल जयसवाल के निर्देश पर जहानाबाद पुलिस अंतर्जनपदीय चोरों के खिलाफ चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल तमंचा कारतूस नगदी बरामद करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद अमित सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्रांतर्गत दुगार्पुर मोड किला रोड पर नव निर्मित पानी की टंकी के पास चेकिंग दौराने 3 शातिर अभियुक्तगण प्रशांत सचान उर्फ पूती पुत्र श्रीराम बाबू सचान नि० गुजा पोस्ट कैथा थाना साढ जनपद कानपुर नगर . इशान्त सचान पुत्र उमेश सचान नि० गुजा पोस्ट कैथा थाना साढ जनपद कानपुर नगर, हर्षित सिंह पुत्र अनिल सिंह नि० सिकौहला थाना साह जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल अपाचे, 01 अदद तमंचा 315 बोर व 06 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 03 अदद मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशादेही पर 04 अन्य मोटरसाइकिलों की बरामदगी की गयी।



## एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी** में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं, टॉयलेट तथा मेंस आदि का निरीक्षण कर संबंधित साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।





## मैलहन बाजार में खराब हैंड पंप की मरम्मत हुई

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर** । मैलहन बाजार के मध्य अनुपम गुप्ता के घर के पास लगा हैंड पाइप विगत कई महीनों से तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ा था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों सहित ग्राम प्रधान से भी किए किंतु बनवाने के लिए कोई आगे नहीं आया।बीच बाजार का यह हैंड पाइप मोहल्ले वालों के लिए लाभकारी था, ही साप्ताहिक बाजार वालों के लिए बहु उपयोगी था । इसी प्रकार बाजार के किनारे मुकेश साइकिल स्टोर के सामने वाले पंप की चेन टूट गई थी।उक्त हैंड पंप को लेकर दैनिक समाचार पत्र सबसे तेज प्रयागराज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो विभागीय अधिकारियों ने संगठन में लेकर उपरोक्त हैंड पंपों की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया बाजार वासियों का कहना है कि खबर के असर के चलते उक्त हैंड पंपों की मरम्मत से काफी राहत मिली है।उसके मरम्तिकरण हेतु धन की व्यवस्था प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने कर दी है, एक-दो दिन में वह भी जलापूर्ति करने लगेगा। बीच बाजार लगे दोनों हैंडपंप से साप्ताहिक बाजार वालों को बड़ा फायदा मिल रहा है।



## तीन होटलों पर छापेमारी सील

### अवैध संचालन पर प्रशासन ने की कार्रवाई, संचालक मौके से फरार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! धा**मपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन ओयो होटलों पर प्रशासन ने छापेमारी कर उन्हें सील कर दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम धामपुर रितु रानी और सीओ धामपुर सर्वम कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि इन होटलों में अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं, जिससे क्षेत्र के माहौल पर बुरा असर पड़ रहा था।अवैध संचालन और अनैतिक गतिविधियों की शिकायत स्थानीय लोगों का कहना था कि इन होटलों में युवक-युवतियों का दिनभर आना-जाना लगा रहता था, जिससे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा था। कई बार पुलिस से होटलों को बंद करवाने की मांग की गई थी। शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए तीन होटलों पर छापेमारी कर कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, बीते दिनों एक ओयो होटल में युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच के दौरान एक दरोगा की होटल के कर्मचारी से कहासुनी हो गई थी, जिसमें दरोगा ने कर्मचारी को थप्पड़ मारा था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसके बाद एसपी बिजनौर ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया था। छापेमारी के दौरान स्योहारा रोड पर दो और जैतरा मार्ग पर एक ओयो होटल को सील किया गया। पुलिस और प्रशासन की टीम के पहुंचने से पहले ही तीनों होटलों के संचालक फरार हो गए।



**प्रशासन की टीम ने संभाली कमान**

छापेमारी अभियान में एसडीएम रितु रानी, सीओ सर्वम कुमार, और कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। टीम ने होटलों की जांच के बाद उन्हें सील कर दिया। इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## गाजीपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना गाजीपुर पुलिस टीम द्वारा एक चेती पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम खेसहन थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक व अन्य सामान बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर चोरी के आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो चोरों को गिरफ्तार चोरी का समान व मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण विशाल कश्यप पुत्र शिवदत्त निवासी दांदूपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी, संजय पुत्र बुधई केवट निवासी सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को चोरी के 02 अदद लोहे के पाइप व पाइप जोड़ने वाला सॉकिट व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल के साथ पठकनपुरवा बाजार, असन्द्रा के पास से गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा रारी पुलिया के पास निमार्णाधीन पानी की टंकी के पास से अपने शौक पूरा करने के लिए चुराया गया था।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन

## डीएम ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जनशक्तिकरण दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन डायट मैदान, मंझनपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण/पूजन-अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर सुमित गुप्ता द्वारा शिव तांडव नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत मूक बधिर बच्चों द्वारा चित्रकला, चम्मच, गोली, रेस, 3 लेगरेस, 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसी प्रकार दृष्टि दिव्यांग बच्चों द्वारा धागा-मोती छूकर पहचानो, 100 मीटर दौड,. कुर्सी दौड,. शारीरिक दिव्यांग बच्चों द्वारा ट्राई साइकिल दौड,.व्हीलचेयर दौड़, 50 मी0 कैलीपर दौड़ एवं रंगोली का आयोजन किया गया। मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस जलेबी दौड़, कुर्सी दौड,. 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों की प्रतियोगिता में बलबीर प्रथम, सीमा द्वितीय एवं सुमन को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शारीरिक दिव्यांग बच्चों में ट्राई साइकिल दौड़ व अन्य दौड़ एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के संयोजक समेकित शिक्षा जिला समन्यवक धर्मनाथ व विशेष शिक्षक राम बहादुर कुशवाहा एवं समस्त स्पेशल एजुकेटर व फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को अल्पाहार वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षणक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य उपस्थित रहें।

## मलवां पुलिस ने 13 लाखों की अंग्रेजी शराब किया बरामद

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल फतेहपुर के निर्देश पर मलवा पुलिस क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ जल बीछाकर मुखबिर की सूचना पर लाखों की अंग्रेजी शराब और ट्रक बरामद करते हुए लिखा पढ़ी किया।



थानाध्यक्ष मलवां अभिलाषा तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में टाप टेन अपराधियों तथा माफियाओं व वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मलवां पुलिस व इंटेलीजेन्स विंग की संयुक्त टीम द्वारा कानपुर प्रयागराज हाइवे पर थाना मलवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सौरा में ओबर ब्रिज से पहले चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की आपको चेकिंग करता हुआ देखकर ट्रक का ड्राइवर गाडी छोड़कर भाग गया। गाडी के पास जाकर देखा तो कोई भी व्यक्ति नहीं मिला ट्रक उपरोक्त को थाना मलवा पर लाकर चेक किया गया तो उसमें से किनारे पर नमक के कट्टे व बीच में शराब की पेटियां रखी हुई थी। जिनको निकालकर चेक किया गया तो ऑफिसर च्वाइस ब्रान्ड की कुल 312 पेटी बरामद हुई। जिनपर सेल इन पंजाब ऑनली लिखा हुआ है। जिनकी कुल कीमत 12,56,240 रुपए (टप्ध के अनुसार) है।
अभियुक्तगण चाहत पुत्र यासीन निवासी ग्राम भवानीपुर खेरू बुधौन सहसवान बुधौन . अन्य अज्ञात के खिलाफ लिखा पड़ी किया।
बरामद करने वाली टीम
थानाध्याक्ष अभिलाष तिवारी थाना मलवां. उ0नि0 अरूण कुमार यादव, 3. कांस्टेबल सतीश सिंह, 4. कांस्टेबल सुधांशू शुक्ला, 5. का० सुनील कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहें।

## भाजपा नेता डॉ शैलेश पाण्डेय को पितृ शोक, अंतिम संस्कार आज

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान भाजपा उत्तर प्रदेश के सहसंयोजक डॉ शैलेश कुमार पाण्डेय के पिता अक्षयवट पाण्डेय (पूर्व पार्षद) का मंगलवार को एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह नौ बजे रसूलाबाद घाट पर होगा।



अक्षयवट पाण्डेय 2002 में भाजपा के पार्षद थे। वह भाजपा के सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर के अध्यक्ष भी थे। स्व अक्षयवट पाण्डेय भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी तथा पूर्व मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर के काफी करीबी थे। राजनीति में आने से पहले स्व. पाण्डेय ने भारतीय वायु सेना में 21 वर्षों तक सेवा की तथा 1962 चीन-भारत युद्ध, 1965, 1971 भारत -पाकिस्तान युद्ध में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। वह वीरता चक्र से सम्मानित भी हुए थे। सेवानिवृति के बाद सामाजिक संस्था बनाकर समाज को एकजुट करने में लग गए, साथ ही भाजपा के वार्ड से लेकर महानगर तक के कई पदों पर रहे।
उनके पुत्र डॉ शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर बुधवार को प्रातः 9 बजे किया जायेगा।
स्व अक्षयवट पाण्डेय के देहांत की खबर सुनकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी अस्पताल और उनके घर पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। यह सूचना प्राप्त होने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, महापौर गणेश केशरवानी,संजय गुप्ता,पार्षद आशा देवी,संजय पासवान, अजय सिंह, विजय श्रीवास्तव, वंदना सिंह, डा हरिप्रकाश यादव, भारतेंद्र त्रिपाठी, डॉ रवीन्द्र प्रताप, गया प्रसाद,आशीष गुप्ता, जगदीश प्रसाद आदि ने अपनी शोक संवेदना प्रकट किया है।

## हिमांगी सखी मां का जगदगुरू शंकराचार्य पद पर पट्टाभिषेक, तिलक कार्यक्रम

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** विश्व की प्रथम पांच भाषाओं की किन्नर कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां का पट्टाभिषेक, तिलक कार्यक्रम बुधवार की सुबह 10 बजे से परी अखाड़ा स्थित अरैल आश्रम (नये यमुना पुल के नीचे) में होगा। उसके बाद सनातन हिन्दू जोड़ों यात्रा निकाली जाएगी जो अरैल स्थित नया यमुना पुल से अलोपीबाग मंदिर, लेटे हनुमान मंदिर पर जाकर खत्म होगी। अरैल स्थित परी अखाड़ा आश्रम में शाम चार बजे से भण्डारा शुरू होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता डा श्याम प्रकाश द्विवेदी ने आज दिया है। उन्होंने बताया कि पट्टाभिषेक और तिलक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे



# इफको सरकार के नियमों के अनुरूप अच्छा कार्य कर रही है- बीके सिंह





**इफको के प्रबंध निदेशक डाक्टर उदय शंकर अवस्थी के दूर दृष्टि के चलते किसान हित में किए जा रहे कार्यों को को देखते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता समिति आई सी ए की ओर से रोशडेल पायनियर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसकी सराहना दुनिया भर में हो रही है। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि को इफको फूलपुर के संयुक्त महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किए**

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** इफको उर्वरक जगत की सबसे अच्छी संस्था है जिसके चलते इसे अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से समय समय पर सम्मानित किया जाता है जो सरकार के सभी नियमों का सही रूप से अनुपालन करते हुए किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है उक्त बाते मंगलवार को इफको फूलपुर में आयोजित वस्तु एवं कर अधिनियम के प्रावधानों एवं चुनौतियों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त विजय कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि इफको के प्रबंध निदेशक डाक्टर उदय शंकर अवस्थी के दूर दृष्टि के चलते किसान हित में किए जा रहे कार्यों को को देखते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता समिति आई सी ए की ओर से रोशडेल पायनियर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसकी सराहना दुनिया भर में हो रही है। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि को इफको फूलपुर के संयुक्त महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किए।
इस दौरान वस्तु एवं कर विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इफको परिसर का भ्रमण किया। इस मौके पर इफको नैनो यूरिया के संयुक्त महाप्रबंधक अरुण कुमार इफको कार्डेट के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

## पांच दिन पहले गंगा नदी में डूबे हुए युवक का शव मिला



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के सिहोरी गंगा नदी के पुल में पांच दिन पहले शोहिद पुत्र शाहिद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कड़ा कजियाना कड़ा धाम थाना क्षेत्र में कुबरी घाट पर गंगा किनारे मछली मारने गया था, वही गंगा नदी में डूब गया था,पुलिस और ग्रामीणों ने शव को बहुत खोजा लेकिन शव नहीं मिला सका था।मंगलवार को कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव के पास एक युवक का कई दिनों पुराना शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की तो उसकी शिनाख्त शोहिद के रूप में हुई,पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी, पुलिस की सूचना पा कर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान उठा ले गए चोर



**सैनी/ कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक सैनी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सोनकर 2 दिसंबर को घर मे ताला बंद करके अपनी ससुराल अंदावा में शादी समारोह में परिवार के साथ चले गए थे सूना घर देखकर भीतर चोर घुसे और सामान चोरी करके उठा ले गए हैं जब वह 3 दिसम्बर की सुबह वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर अलमारी भी टूटी हुई है उनके घर में लगभग 7 ग्राम सोने के जेवर वा चांदी के जेवर पायल और 20000 नगद आदि समान घर से चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी है।

## बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत स्थित उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में बाह्य जनपद से आए पुलिस बल को अधिक कार्यकुशल व दक्ष बनाने के लिए भीड़ नियंत्रण, यातायात, व्यवस्थापन विन्यास एवं आपात राहत सम्बन्धी बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्र पाल सिंह, सोरांव जंग बहादुर यादव व क्षेत्राधिकारी महाकुम्भ मेला भी मौजूद रहे।

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान : सीडीओ

### रक्षित, अंकित, आर्यन, श्रेजल, ताहिर, महक, गोलू ने मारी बाजी
### बीएसए ने दिव्यांग खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर आज जनपद स्तरीय खेल कूद , सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सीडीओ गौरव कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि सीडीओ गौरव कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरदान है, उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हर संभव सहायता को पहुंचना हम सब का कर्तव्य है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को सुगम शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जो सराहनीय है। जनपद के सभ विकास खंडो से दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर दौड़ मे रक्षित मिश्रा फूलपुर, अंकित सिंह कोराव ,आर्यन सोराव, श्रेजल जसरा ,कुर्सी दौड़ में ताहिर नगर क्षेत्र से गोलू शंकरगढ़ से, महक कौड़िहार से बैसाखी दौड़ मिस्टी आर्य , चित्रकला में अर्पिता, थ्री लैग रेस में कलश, धागा मोती में देवराज, छूकर पहचानो में आरती, रस्सा कसी में रिंकू, फैंसी ड्रेस में आमना बानो द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया । सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी दीपक कुमार पांडेय, जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी, मनीष कनौजिया, पार्षद विश्वास रावत, योगेश चंद त्रिपाठी प्रधानाचार्य भारत स्काउट एवं गाइड इण्टर कॉलेज,विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक गण, स्काउट एवं गाइड के स्वयं सेवक, अभिभावक गण, समस्त स्पेशल एजुकेटर्स सहित अन्यान्न लोगों द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया गया। सभी उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में समस्त विकास खंडो से एक-एक नोडल टीचर को दिव्यांग बच्चों के लिए सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय एवं शिक्षिका बबिता वर्मा ने किया।




## चार दिन पहले हुई हत्या के वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। चार** दिन पहले उतरांव थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी को मंगलवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।



थानाध्यक्ष उतरांव पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हत्या में 2 वांछित अभियुक्त हैदर अली पुत्र मुनौवर अली निवासी ग्राम सराय इस्माइल लाला का पूरा व चांद बाबू उर्फ गुन्नू पुत्र गुड्डू निवासी चमनगंज थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज हाल पता ग्राम सराय इस्माइल लाला का पूरा थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत पब्लिक इण्टर कालेज मोतिहां के पास से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तों के निशांदेही पर 01 आलाकत्ल फावड़ा बरामद किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम सरायइस्माइल लाला का पुरा के पास से पुलिस अभिरक्षा में लेकर नियामानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । पूछताछ पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि दिनांक-30.11.2024 को हम लोगों द्वारा शैलेश यादव(मृतक) के सिर पर फावड़ा से वार किया गया था, जिससे उसकी मौके पर मृत्यू हो गयी थी, जिसे सड़क के बगल के खेत में छुपा दिया गया था

## गैर इरादतन हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज । मऊ**आइमा पुलिस ने 3 दिन पहले हुए गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।



प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर गैर इरादतन हत्या में 2 वांछित अभियुक्त नागेन्द्र हरिजन पुत्र भारतलाल हरिजन निवासी ग्राम मानी उमरपुर थाना मऊआइमा. जय प्रकाश गौतम पुत्र स्व0 मोहनलाल गौतम निवासी ग्राम झंडापुर बिहार मौजा देवरपट्टी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत सेमरावीरभानपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## महिलाएं सोहदों के खिलाफ बिना डरे करें शिकायत, पुलिस करेगी कार्रवाई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । पु**लिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस क्रम में महिला थाना,थाना मोहब्बतपुर पइन्सा ,थाना पिपरी, थाना महेवाघाट,थाना कौशांबी,थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर / कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं* को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।



## नगर निगम, प्रयागराज द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। प्रया**गराज में मंगलवार को मनमोहन पार्क से नेत्रराम चौराहा होते हुए लक्ष्मी टॉकिज चौराहा व बेलीरोड ब्लड बैंक के आस-पास तथा नूरुल्ला रोड, खुल्दाबाद चौराहा से लेकर करैलाबाग पावर हाउस तक नगर निगम, प्रयागराज द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा अतिक्रमण से पहले व अतिक्रमण के हटाने के बाद की फोटोग्राफी करायी गयी एवं दोनों तरफ की पटरियों साफ करायी तथा कुल जुमार्ना रू0-22,000/- शमन शुल्क वसूला गया। अतिक्रमण हटाने में थाना-कर्नलगंज, खुल्दाबाद प्रयागराज का सहयोग लिया गया, तथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने को अवगत करा दिया गया है कि शासनादेशानुसार उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न हो इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित थाने की है।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आज
## डायट प्राचार्य, बीएसए ने परीक्षा तैयारियों की किया समीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से एनसीईआरटी नई दिल्ली के तत्वाधान में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण- 2024 का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर आज किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत कक्षा 3,कक्षा 6 व कक्षा 9 के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का सर्वेक्षण किया जाएगा ।



यह सर्वेक्षण कार्य नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के उल्लेखित उद्देश्यों के परिपेक्ष में कराया जाना प्रस्तावित है । उक्त पर्यवेक्षक के अंतर्गत जनपद प्रयागराज के 135 यूनिक विद्यालयों में 158 कक्षाओं के लिए आयोजित किया जाएगा । सर्वेक्षण के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राचार्य डायट राजेंद्र प्रताप, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह,प्रयागराज जिला स्तरीय समन्वय के रूप में होंगे । जो कि इन विद्यालयों में सर्वेक्षण कार्य को संपादित करने के लिए फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति करेंगे । उनके साथ ही साथ सर्वेक्षण कार्य में सीबीएसई बोर्ड के द्वारा भी एक जिला स्तरीय समन्वयक नामित किया जाएगा जिसके द्वारा इन 135 विद्यालयों में ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जाएगी ।
यह ऑब्जर्वर फील्ड इन्वेस्टिगेटर के साथ मिलकर के उक्त विद्यालयों में सर्वेक्षण कार्य करेंगे । सर्वेक्षण के लिए परिषदीय, राजकीय ,सहायता प्राप्त विद्यालय, समाज कल्याण द्वारा मान्यता प्राप्त, विद्यालय तथा सीबीएसई तथा आईसीएसई बोर्ड के विद्यालय शामिल होंगे । सर्वेक्षण कार्य को सकुशल संपादन के लिए सीबीएसई बोर्ड के द्वारा 135 पर्यवेक्षक तथा जिला शिक्षा में प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के द्वारा 158 डीएलएड प्रशिक्षकों को एफ आई के रूप में नामित किया गया है । सर्वेक्षण कार्य के सकुशल संपादन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उधर परीक्षा की तैयारियों को लेकर डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें परीक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक। बैठक में बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# धूमनगंज पुलिस की हत्थे चढ़ा चोरी बाइक नगदी बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** धूमनगंज पुलिस चोरी के आरोपियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर नगदी मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज अमरनाथ राय ने बताया कि क्षेत्र में वांछित आरोपी की तलाश में चेकिंग के दौरान चोरी का अभियुक्त मो0 इकरार उर्फ राजू पुत्र मो0 अबरार नि0 95च/20 चकिया नई आबादी थाना धूमनगंज प्रयागराज को नाटे तिराहे से पहले आर्मी कालोनी के सामने 120 फिट रोड राजरुपपुर थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 1000/- रु0 नकद बरामद किये गये।



**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**
चौकी प्रभारी राजरुपपुर शैलेन्द्र कुमार यादव. उ0नि0 संजीव चौधरी, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## दारागंज पुलिस द्वारा अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** दारागंज कोतवाली पुलिस अपहरण के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दारागंज ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मामले में वांछित चल रहे हैं अभियुक्त मिजान पुत्र बब्बू निवासी बमरौली उपरहार थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को सरदार पटेल संस्थान गेट के अंदर ग्राउण्ड थाना क्षेत्र दारागंज से गिरफ्तार किया गया।

# ट्रंप की बेहतरीन टीम में शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं?

## संपादक की कलम से

### कांग्रेस के सामने चुनौतियों भरे कार्य

कांग्रेस को चुनावी रुझानों और मतदाताओं के बीच मूड में आने वाले तेजी से परिवर्तन को समझना होगा जो पार्टी का समर्थन और उसकी अस्वीकृति करते हैं- जैसा कि हम छह महीने के भीतर होने वाले चुनावों में देखते हैं। वही मतदाता जिन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को बहुत उत्साह से वोट दिया था, जो भाजपा और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी घृणा के दर्शा रहे थे- जैसे कि हरियाणा और महाराष्ट्र में।

भारत के मतदाता पिछले कुछ समय से कांग्रेस को ऊपर-नीचे कर रहे हैं और यह प्रवृत्ति पिछले डेढ़ साल में और भी स्पष्ट हो गयी है, विशेषकर मई 2023 में कर्नाटक चुनाव के समय से, जब लोगों ने भाजपा को सत्ता से बाहर करते हुए कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताया था। इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग हर छह महीने में मतदाताओं का मूड बदलता हुआ देखा गया है, खासकर कांग्रेस के पक्ष में या उसके खिलाफ। नवंबर 2023 में राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव, अक्टूबर 2024 में हरियाणा चुनाव और अब नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में मिली असफलताओं ने स्पष्ट रूप से दिखा दिया है कि अगर कांग्रेस को देश भर में आगामी चुनावों में भाजपा से मुकाबला करना है तो उसके सामने महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिन्हें उसे करना ही होगा।

कांग्रेस को चुनावी रुझानों और मतदाताओं के बीच मूड में आने वाले तेजी से परिवर्तन को समझना होगा जो पार्टी का समर्थन और उसकी अस्वीकृति करते हैं- जैसा कि हम छह महीने के भीतर होने वाले चुनावों में देखते हैं। वही मतदाता जिन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को बहुत उत्साह से वोट दिया था, जो भाजपा और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी घृणा के दर्शा रहे थे- जैसे कि हरियाणा और महाराष्ट्र में, कुछ महीने बाद अक्टूबर और नवंबर में हुए चुनावों में भाजपा और सहयोगियों के पक्ष में मतदान किया, जो इंडिया ब्लॉक में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के प्रति अपनी अस्वीकृति दशार्ते हैं। यह एक बहुत ही आश्चर्यजनक रूझान है, जो प्रथम दृष्टया दशार्ता है कि अब वोटरों को किसी भी पार्टी या गठबंधन द्वारा हल्के में नहीं लिया जा सकता है। इस स्थिति में कांग्रेस के पास विपक्ष में किसी भी अन्य राजनीतिक दल की तुलना में सर्वाधिक दांव पर है, क्योंकि यह केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है।

कांग्रेस को वास्तव में वर्तमान चुनावी रुझानों को गहराई से समझने की आवश्यकता है, जो कुछ ही महीनों के भीतर अपने मूड को बदलने की प्रवृत्ति दिखाते हैं, जो अंततः पार्टी के चुनावी भाग्य को प्रभावित करते हैं।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले डेढ़ साल में मतदान के रूझान में बहुत भिन्नता देखी गयी है, जो क्षेत्र दर क्षेत्र और जनसांख्यिकीय पृष्ठभूमि बदलने के साथ ही बदल जाते हैं। कांग्रेस को न केवल इस रूझान की गहरी समझ की आवश्यकता होगी, बल्कि मतदाताओं के तेजी से बदलते व्यवहार के कारणों को भी समझना होगा।

कांग्रेस को सबसे पहले हार का विश्लेषण करने की आवश्यकता है, और फिर हार के कारण या जहां इसने कम प्रदर्शन किया है, उसकी पहचान की। हार का विश्लेषण करने के अलावा, उसे आत्मनिरीक्षण करने, अपने अभियान को तैयार करने, उम्मीदवारों के चयन, गठबंधनों के साथ सीट बंटवारे और मतदाताओं को स्पष्ट रूप से संदेश देने में पार्टी द्वारा की गयी रणनीतिक गलतियों की पहचान करने की आवश्यकता। कांग्रेस नेतृत्व वास्तव में क्या करना चाहता है का संदेश भी स्पष्ट रूप मतदाताओं तक संप्रेषित करना होगा।

हाल के सभी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिली असफलताओं का भी मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, क्योंकि कुल मिलाकर हार का श्रेय स्थानीय और क्षेत्रीय नेताओं को दिया गया है, जो गुटबाजी में लिप्त पाये गये और पार्टी में फूट दिखाई दी। इसके अलावा, उनके व्यवहार को ऐसा देखा गया जैसे कि उनका केवल स्वार्थ है। इसलिए, पार्टी के पास अपने क्षेत्रीय और स्थानीय नेताओं की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता का आकलन करने का एक बड़ा काम है। इस आकलन का उपयोग जमीनी स्तर से संगठनात्मक नेटवर्क के पुनर्निर्माण में किया जा सकता है, जो पार्टी के लिए समय की मांग है।

यह पहले से ही सर्वविदित है कि कांग्रेस ने बूथ स्तर की समितियों तक अपना ऊर्ध्वाधर नेतृत्व खो दिया है, जिसे उसने कभी हासिल किया था। स्थानीय नेटवर्क का पुनर्निर्माण- जैसे कि जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर की समितियां- सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर की समितियां मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक नहीं ला सकती हैं।

स्थानीय नेटवर्क को केवल कार्यकताओं को जोड़कर और समावेशिता को बढ़ावा देकर संगठन को फिर से जीवंत करके और जब भी आंतरिक शिकायतें उत्पन्न होती हैं, उन्हें संबोधित करके मजबूत किया जा सकता है। उच्च स्तरीय नेतृत्व द्वारा वर्षों तक उन्हें अनसुना छोड़ देने की कीमत गुटबाजी और अंदरूनी कलह के रूप में चुकानी पड़ती है, जो चुनावों के दौरान सबसे खराब रूप में सामने आती है और पार्टी के

### दिल को दुरुस्त रखने के लिए फायदेमंद है वनस्पति आधारित प्रोटीन: शोध

**नई दिल्ली।** खाने में पशु प्रोटीन की तुलना में वनस्पति आधारित प्रोटीन का सेवन बढ़ाने से दिल की बीमारियों का जोखिम कम हो सकता है। सोमवार को जारी एक शोध में यह पता चला है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के हार्वर्ड टी.एच. चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकताओं के एक अध्ययन में पता चला है कि हार्ट संबंधी जोखिम को कम करने के लिए रेड और प्रोसेस्ड मीट के बदले वनस्पति आधारित प्रोटीन को डाइट में शामिल करने से लाभ होता है।

अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन में शोधकताओं ने कहा, इस तरह का आहार पैटर्न न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए बल्कि हमारे ग्रह के लिए भी फायदेमंद है।

अध्ययन का उद्देश्य पशु प्रोटीन और वनस्पति आधारित प्रोटीन के बीच तुलना करना है कि यह कैसे दिल के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में पोषण और खाद्य अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर और शोध की मुख्य लेखिका एंड्रिया ग्लेन ने कहा, अमेरिकी लोगों के आहार में पौधों से प्राप्त प्रोटीन और पशु से प्राप्त प्रोटीन का अनुपात लगभग 1:3 होता है। हमारे अध्ययन के अनुसार, कार्डियो वैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) को रोकने के लिए इस अनुपात को घटाकर कम से कम 1:2 करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

ग्लेन ने कहा कि कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएचडी) को रोकने के लिए प्लांट बेस्ड प्रोटीन का अनुपात 1:1.3 या उससे कम होना चाहिए यानि वनस्पति आधारित प्रोटीन का अनुपात बढ़ना चाहिए। टीम ने लगभग 2,03,000 वयस्कों के बीच आहार, जीवनशैली और हृदय स्वास्थ्य पर 30 वर्षों के डेटा का उपयोग किया। चार साल की अध्ययन अवधि के दौरान, 16,118 सीवीडी मामलों को दर्ज किया गया, जिसमें 10 हजार से अधिक सीएचडी के और छह हजार से अधिक स्ट्रोक के मामले शामिल थे। परिणामों से पता चला कि जिन लोगों ने वनस्पति आधारित प्रोटीन की तुलना में पशु प्रोटीन का कम (अनुपात लगभग 1:1.3) सेवन किया, उनमें सीवीडी का जोखिम 19 प्रतिशत कम था और सीएचडी का जोखिम 27 प्रतिशत कम था। जिन लोगों को अपने दैनिक आहार से मिलने वाली ऊर्जा का 21 प्रतिशत हिस्सा प्रोटीन से मिलता था, उन्होंने अपनी डाइट में वनस्पति आधारित प्रोटीन को शामिल किया। यह देखा गया कि इससे उनमें सीवीडी का खतरा 28 प्रतिशत कम था और सीएचडी का खतरा 36 प्रतिशत कम था। शोधकताओं के अनुसार, प्रोसेस्ड मीट की जगह कई प्लांट प्रोटीन स्त्रोतों, खास तौर पर नट्स और फलियों का इस्तेमाल करने से ब्लड लिपिड और ब्लड प्रेशर के साथ-साथ सूजन संबंधी बायोमार्कर में भी सुधार हो सकता है।

**गोंदिया**
- वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ की नजरे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस जाकर पद संभालने पर लगी हुई है,क्योंकि उनके चुने जाने भर से ही इजराइल हमास का 60 दिवसीय युद्ध विराम लागू हो गया है। ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी का विचार,बांग्लादेश चीनपाकिस्तान पर नकेल कसने की बातों सहित अनेक निर्णयों पर एक्शन रिएक्शन की संभावना का बाजार गर्म हो गया है तो दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के लिए,की जा रही महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, मूल भारतवंशियों की झोली में आई है,जिसमें हम देख रहे हैं कि ट्रंप की बेहतरीन टीम में अभी तक शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं, इसलिए बांग्लादेश के इस्कॉन पीठाधीश की गिरफ्तारी, जमानत रद्द कर जेल भेजने तथा अन्यों की गिरफ्तारी व भारत बांग्लादेश संबंधों की खराबी के एक्शन पर रिएक्शन देखने को मिल सकता है तो वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी लाने के विचार पर भी रिएक्शन आ गया है,शनिवार दिनांक 30 नवंबर 2024 को देर शाम ट्रंप का बयान आया कि भारत सहित 9 देशों को खुली चेतावनी देकर कहा ऐसा हुआ तो 100 पेर्सेंट टैरिफ लगाकर अमेरिकी बाजार उन देशों के लिए बंद कर देंगे, सहित अन्य मुद्दों पर पूरी दुनियाँ की नजरें लगी हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से,इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी मूल्यों से लबरेज परोकार बेहतरीन टीम के साथ पद संभालने व्हाइट हाउस में आ रहे हैं ट्रंप...ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों का दबदबा दिखने की संभावना?

साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन के व्हाइट हाउस आने व भारतवंशियों के ट्रंप प्रशासन में दबदबा दिखने की संभावना की करें तो, अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। वे शीर्ष अमेरिकी कंपनियों के उच्च पदों से लेकर देश की राजनीति में भी अहम पदों तक पहुंच रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी प्रशासन के लिए अब तक कई भारतवंशियों को नामित कर चुके हैं। जबकि ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जानी मूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय रिपब्लिकन नेता के दूसरे कार्यकाल के केंद्र में होगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर पद के लिए नामित किया। पटेल ट्रंप के प्रशासन में कानून और सुरक्षा को मजबूत करेंगे। ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। साथ ही, तुलसी गबार्ड और जय भट्टाचार्य को भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं मिली हैं। उषा वेंस ट्रंप प्रशासन की नई सेकंड लेडी बनेंगी।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो के डायरेक्टर पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह सेलेक्शन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और



खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है।काश पटेल की नियुक्ति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही। पटेल अमेरिका में कानून व्यवस्था और नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करने पर फोकस करेंगे। 44 वर्षीय पटेल 2017 में तत्कालीन ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में भी काम कर चुके हैं।पेशे से वकील पटेल का संबंध गुजरात में वडोदरा से रहा है। पटेल भारत में अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर दिए बयान की वजह से भी चर्चा में रहे थे।निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को नए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। बिजनेसमैन रामास्वामी का काम सरकार को सलाह देना होगा। भारतवंशी रामास्वामी करोड़पति शख्स हैं और एक दवा कंपनी के फाउंडर भी हैं।वें राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके बाद उन्होंने ट्रंप का समर्थन करने का फैसला किया था।

उ न। के

माता-पिता केरल से अमेरिका चले गए थेसिनसिनाटी, ओहियो में जन्मे और पले-बढ़े, भारतीय मूल के बिजनेसमैन राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी थे। डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं। वह 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।ट्रंप ने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को देश के टॉप हेल्थ रिसर्च एवं वित्त पोषण संस्थानों में से एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही भट्टाचार्य, ट्रंप द्वारा शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए हैं। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के मेडिकल रिसर्च की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे भारतीय अमेरिकी वकील उषा चिलुकुरी वेंस उस समय चर्चा में आईं, जब उनके पति जे डी वेंस को रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया गया। ट्रंप-वेंस की जीत के साथ, 38 साल की उषा अमेरिका की सेकंड लेडी बनने वाली हैं। इस भूमिका में उषा पहली भारतीय-अमेरिकी होंगी। उषा, ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस (39) के साथ खड़ी थीं, जब ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद समर्थकों को संबोधित किया

साथियों बात अगर हम भारत बांग्लादेश तनाव व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार में अमेरिकी प्रभाव की करें तो,हाल के दिनों बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की खबरों और सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद भारत और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में कड़वाहट साफ दिख रही है।इस मामले को लेकर बांग्लादेश और भारत, दोनों एक दूसरे के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं।दोनों जगह एक दूसरे के खिलाफ अभियान और विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिले हैं। ताजा घटनाक्रम के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ प्रमुख लोगों और विश्लेषकों ने यह सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि क्या सरकार अल्पसंख्यकों के साथ हो रही घटनाओं को आंतरिक और कूटनीतिक तौर पर ठीक तरह से संभाल पाने में पूर्ण सक्षम है?

ऐसे में अमेरिका से एक बड़ा बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि,अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश पर अधिक ध्यान नहीं दिया है,यह समय बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के अस्तित्व पर खतरे की तरह है।लेकिन ट्रंप अब आ रहे हैं,उन्होंने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में धार्मिक स्वतंत्रता मानवाधिकारों में शीर्ष प्राथमिकता थी।अमेरिका और भारत के बीच ऐसा सहयोग देखने को मिलेगा, जो अभी तककभी भी नहीं देखने को मिला था।

## शोध, शिक्षण और ज्ञान के प्रयासों को मजबूत करेगा 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन'

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के शोध लेखों और पत्रिकाओं तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना है। सरकार द्वारा प्रबंधित। यह भारत में एक मजबूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत@2047 के लक्ष्यों को साकार करने की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है।

एक ही प्राधिकरण सब कुछ प्रबंधित करता है ताकि आपको कई प्लेटफॉर्म पर सदस्यता लेने की जरूरत न पड़े। सिर्फ. एक सदस्यता आपको अपनी जरूरत की सभी सामग्री और सेवाओं तक पहुँच प्रदान करती है, जिससे आपका अनुभव सरल हो जाता है और आपका समय और प्रयास बचता है। यह केंद्र सरकार की एक नई पहल है जिसे विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है।

एक राष्ट्र, एक सदस्यता (ओएनओएस) योजना भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में विद्वानों के शोध लेखों और पत्रिका प्रकाशनों तक पहुँच बढ़ाना है। यह योजना उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए तैयार की गई है, जिससे विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

यह योजना एक मंच के माध्यम से 30 अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए 13, 000 से अधिक विद्वानों की पत्रिकाओं तक राष्ट्रव्यापी पहुँच प्रदान करना है। 2025-2027 के लिए ?6, 000 करोड़ के बजट के साथ, यह देश भर में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह केंद्र सरकार की एक नई पहल है जिसे विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। यह योजना उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए तैयार की गई है, जिससे विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। यह योजना एक ही मंच के माध्यम से 30 अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी। भारत के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र पर संभावित प्रभाव ओएनओएस टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित 6, 300 सरकारी संस्थानों में 1.8 करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विद्वान संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करता है।

लागत बाधाओं को दूर करके, यह योजना कम वित्त पोषित और ग्रामीण संस्थानों के शोधकताओं को उच्च गुणवत्ता वाले वैश्विक अनुसंधान तक पहुँचने में सक्षम बनाती है, जिससे अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता है। उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुँच से भारतीय शोधकताओं द्वारा प्रकाशनों की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक वैज्ञानिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

ओएनओएस अनुसंधान संसाधनों तक पहुँच का विस्तार करके अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का पूरक है, जिससे सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थानों में नवाचार और अनुसंधान एवं विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

## ईवीएम का विरोध, संसद ठप - सुधरने वाला नहीं है भारत

**मृत्युंजय दीक्षित**

चार जून 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में मिली मामूली बढ़त से उत्साहित कांग्रेस को इसके तुरंत बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में अपने इंडी गठबंधन के साथ भारी पराजय का मुख देखना जिसके कारण ये अब गहरी निराशा व हताशा में हैं और उन्हीं हरकतों पर उतर आए हैं जो ये लोकसभा चुनावों से पहले कर रहे थे। कुछ राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि हरियाणा तथा महाराष्ट्र में भारी पराजय के बाद विपक्षी दल संसद चलाने में सहयोग करेंगे किंतु फिलहाल ऐसा होता प्रतीत नहीं होता कि संसद के शीततकालीन सत्र में कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न हो सकेगा।

संसद के शीतकालीन सत्र का प्रथम सप्ताह अडाणी व संभल हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्षी दल संसद में इसलिए भी बहस नहीं होने देना चाहते हैं क्योंकि जब संसद में बहस होने पर वे पूरी तरह बेनकाब हो जाते हैं। देश की जनता कांग्रेस को अडानी, संविधान व जातिगत जनगणना के मुद्दे पर लगातार नकार रही है किंतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इन्हीं मुददों को लाल किताब जिसे वे संविधान की प्रति कहते हैं हाथ में लेकर बार -बार हवा में उछालते हैं। इन्हीं मुद्दों पर सदन को बाधित करते हैं।

दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षक सम्मेलन में राहुल गांधी ने वही किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें कहीं सावरकर का नाम नहीं है। इसी कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी का माइक बंद हो गया और आयतन राहुल गांधी इसके लिए भी मोदी सरकार को दोष देते हुए उसे तानाशाह बताने लगे। हर समय संविधान संविधान करने वाले राहुल गांधी से अब पूछा जाना चाहिए कि संविधान की किताब में झूठे मुद्दे उठाकर संसद ठप करने की बात कहाँ लिखी गई है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगातार मिल रही पराजय पर जब इन दलों के नेताओं को आत्मचिंतन करना चाहिए था उस समय ये ईवीएम मशीनों और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट सहित देश की विभिन्न हाईकोर्ट में 42 याचिकाएं दायर कीं किंतु हर जगह उनके वकीलो को मुंह की खानी पड़ी । हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद विरोधी दलों का ईवीएम पर आरोप लगाने का रेडियो एक बार फिर ऑन हो गया है। लोकसभा चुनावों के पहले भी अप्रैल माह में जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सुनवाई करते हुए विपक्ष के सभी आरेपों को खारिज करते हुए कहाकि हमें भी वह दिन याद है जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और पूरा का पूरा बूथ लूट लिया जाता था। हम अब देश को पुनः उस




युग में नहीं ले जाना चाहते हैं। 26 नवंबर 2024 को भी सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक याचिका पर न सिर्फ याचिकाकार्ता को कड़ी फटकार लगाई अपितु राजनैतिक दलों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आप जब चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम खराब हो जाती है और जीत जाते हैं तो चुप्पी। हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने याचिकार्ता से पूछा कि यह याचिका दायर करने का शानदार विचार आपको कैसे मिला? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विरोधी दलों ने अब अति विश्वसनीय ईवीएम मशीनों के खिलाफ नफरत की दुकान खोल ली है और यही कारण है कि अब कांग्रेस ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ अभियान प्रारम्भ करने की घोषणा कर दी है जिससे वह जनता में इन मशीनों के प्रति भ्रम उत्पन्न कर सके। हारे हुए दल देश में राजनैतिक अराजकता का वातावरण उत्पन्न करना चाहते हैं। 2014 से 2024 तक राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी लगभग 47 चुनाव बुरी तरह से हारी चुकी है और अब गांधी परिवार की नाकामी छुपाने के लिए ईवीएम विरोधी अभियान प्रारम्भ कर रही है। कांग्रेस की देखादेखी महाराष्ट्र की शिवसेना- उद्धव गुट व शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने भी ईवीएम के खिलाफ अभियान प्रारम्भ कर दिया है। शिवसेना उद्धव गुट ने तो अपने हारे हुए उम्मीदवारों से पांच प्रतिशत वीवीपैट से मिलान करवाने के लिए याचिकाएं दायर करने के लिए कह दिया है। शरद पवार के भतीजे रोहित पवार भी चुनावों को ईवीएम से हाईजैक कराने का आरोप लगा रहे हैं। आज वही कांग्रेस ईवीएम का विरोध कर रही है जिसकी 2004 से 2014 तक ईवीएम द्वारा चुनी गई सरकार रही। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अभी 4 जून 2024 को 99 सीटों पर ईवीएम द्वारा विजयी होने के बाद राहुल गांधी को शैडो पीएम बता रही थी। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पंजाब व दिल्ली विधानसभा में आप पार्टी की सरकार ईवीएम से ही बनी है यही नहीं जम्मू कश्मीर में भी आप पाटी का खाता ईवीएम से ही खुला है। झारखंड में हेमंत सोरेन व जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार ईवीएम से ही वापस आई है। अगर बीजेपी को ईवीएम हैक करवानी होती तो वह उन सभी राज्यों में भी हैक करवा सकती थी जहां विरोधी दलों की सरकार हैं । उत्तर प्रदेश के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती भी अब ईवीएम का खुलकर विरोध करने लग गये हैं। 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम आने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव होते तो वह यूपी की सभी 80 सीटों पर सफलता प्राप्त करके दिखाते। उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा नौ विधानसभा सीटों में से केवल दो सीटें ही जीत पाई उस पर सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि ईवीम मशीनों की वजह से ही भाजपा सात सीटें जीतने में कामयाब रही वहीं बसपा नेत्री मायावती का कहना है कि अब वह कोई उपचुनाव नहीं लड़ेंगी क्योंकि सभी चुनाव धांधली से हो रहे है। स्मरणीय है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2017 में ईवीएम मशीनों को हैक करके दिखाने के लिए भरपूर अवसर दिया था किंतु कोई भी विरोधी दल उस हैकाथॉन में नहीं पहुंचा था।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक बार दिल्ली विधानसभा में ईवीएम को हैक करके दिखाने का असफल प्रयास किया था। आज जो लोग संविधान रक्षक बनने का नाटक रच रहे हैं वास्तव में वही लोग संविधान के भक्षक हैं। यह सभी लोग चाहते हैं कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कि मुस्लिम महिला का बुर्का उठाकर उसकी पहचान न की जाये क्योंकि बुर्के की आड़ में इनका फर्जी वोट पड़ता है । ये लोग एक समय में मतदाता पहचान पत्र का भी विरोध करते थे और उसमें फोटो लगाने का भी विरोध किया था, यही लोग हैं जो आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने के भी विरोधी हैं। जनता द्वारा नकारा गया कांग्रेस का गांधी परिवार किसी न किसी तरह एक बार फिर सत्ता का नियंत्रण चाहता है और यही कारण है कि यह परिवार बार बार भारत की चुनाव प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का असफल प्रयास कर रहा है। ये देखना हास्यास्पद है कि वही राहुल गांधी और उनकी पार्टी ईवीएम विरोधी यात्रा की घोषणा कर रहे हैं जिन्होंने ईवीएम से ही वायनाड और रायबरेली का चुनाव जीता, जिनकी बहन प्रियंका गांधी ने वायनाड से चुनाव जीता, जिनको लोकसभा में इसी ईवीएम से 99 सीट प्राप्त हुई ।ऐसे में राहुल एंड कंपनी से एक ही प्रश्न पूछा जाना चाहिए क्या ईवीएम विरोधी आन्दोलन से पहले राहुल, प्रियंका और उनके बाकी सांसद/ विधायक आदि अपनी अपनी सीटों से त्यागपत्र देंगे क्योंकि ईवीएम से जीते गए चुनावों में तो घोटाला हुआ है।

# जिलाधिकारी ने कुंभ मेला कार्य का लिया जायजा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ** के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट रोड पर सूबेदारगंज रेलवे सेतु व विभिन्न निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया।एयरपोर्ट मार्ग पर सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को महाकुम्भ -2025 के दृष्टिगत एयरपोर्ट रोड पर हो रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो का सेतु निगम व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की भौतिक प्रगति का जायजा लिया। एयरपोर्ट से संगम को जोड़ने वाले मार्ग पर निमार्णाधीन सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के स्टार्ट पॉइंट चौफटका रोटरी और कालिंदीपुरम में ब्रिज के इंड पॉइंट पर निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों से कार्य की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्णढंग से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। वहां कार्यरत मैनपावर, मशीनरी, मटेरियल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए पर्ट चार्ट के अनुसार कार्य की भौतिक प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यो को सयमबद्ध रूप से निर्धारित समय तक पूर्ण करा लिए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों से सर्विस लेन का निर्माण व बाउंड्री बनाये जाने का काम में प्रगति लाने जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने इसके बाद एयरपोर्ट रोड पर हो रहे सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर सुंदरीकरण हेतु लगाए जा रहे स्तंभ, लाइट पोल व रेलिंग की डिजाइन को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कालिंदीपुरम में सड़क के किनारे लगे हुए बिजली के खंभों को सड़क से और अधिक दूरी पर शिफ्ट करने के लिए कहा है।पीडब्लूडी एवं पीडीए द्वारा कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने थर्ड पार्टी से कार्यों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से कराते रहने के लिए कहा है '

इस अवसर पर सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री मनोज अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पीके राय, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# होटल व्यवसायियों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा द्वारा त्रिवेणी सभागार, रिजर्व पुलिस लाइन्स प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े पर्व महाकुम्भ-2025 में आने वाले आगन्तुकों, श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित सेवाएं दिये जाने तथा कुशल व्यवहार, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में होटल एसोशियन प्रयागराज के पदाधिकारियों तथा होटल व्यवसायियों, प्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें कई बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। आवागमन हेतु होटल पार्किंग, मल्टीलेवेल पार्किंग व आने-जाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में गहन विचार-विमर्श किया गया। खाद्य सुरक्षा मानक के अनुसार खान-पान उपलब्ध किये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। होटल, धर्मशाला, स्विस काटेज के सीसीटीवी कैमरों की फीडिंग एवं स्टोरेज, फुटेज को सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया। कहा गया कि आगन्तुक रजिस्टर की प्रविष्ट को बिना किसी ओवरराइटिंग के साफ एवं स्पष्ट रुप से प्रविष्ट किया जाए। अग्नि सुरक्षा मानक, आपातकालीन निकास, मेडिकल किट, इलेक्ट्रिक सेफ्टी को मानक के अनुरुप व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत बैगेज स्कैनर/मेटल डिटेक्टर स्थापित किए जाने तथा पासवर्ड प्रोटेक्टेड वाई-फाई उपलब्ध कराये जाने एवं वाई-फाई लाग्स को सुरक्षित रखे जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गए। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/ अवैध गतिविधि के सम्बन्ध में होटल व्यवसायियों द्वारा तुरन्त सम्बन्धित स्थानीय पुलिस व एलआईयू से समन्वय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। विदेशी आगन्तुकों के फार्म-सी को अनिवार्य रुप से नियमानुसार प्रविष्ट किया जाए।

बैठक में पुलिस उपायुक्त कुम्भ, अपराध, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पांडेय, एडीएम नगर प्रयागराज मदन कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त अभिसूचना प्रयागराज उपस्थित रहे।

# बृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महेवाघाट/ कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी पेट्रोल टंकी के पास सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर हालत से घायल हो गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे रास्ते में उसकी मौत हो गई है जानकारी मिलते हैं परिवार के लोग भी रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए हैं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के भरोसे का डेरा गांव निवासी राम भरोसे सरोज उम्र 75 वर्ष पुत्र राम रतन सरोज मंगलवार को किसी काम से गढ़ी बाजार जा रहा था जैसे हो वह गढ़ी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी है जिससे वृद्ध सड़क पर गिर पड़ा है और घायल हो गया है दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया है जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस अस्पताल लेकर जा रही थी रास्ते में उसकी मौत हो गई मौत की जानकारी मिलती ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# स्कूटी और बाइक में भिड़ंत स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी ।** जिले में बेकाबू बाइक और स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल आरती गंभीर रूप से घायल हो गई।दुर्घटना के बाद लोगो की भीड़ जमा हो गई,स्थानीय लोगों ने पुलिस की सहायता से घायल महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है एसपी ऑफिस में तैनात महिला कांस्टेबल आरती किसी काम से गई थी,वह वापस जा रही थी तभी मंझनपुर कोतवाली के पास बाइक सवार और स्कूटी में टक्कर हो गई,जिसमे आरती घायल हो गई,जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,कहा उनका इलाज चल रहा है।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गीद्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा कर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अधिकारी-चरवा एवं सराय अकिल के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दियें।इसके साथ ही उन्होंने गांगा के किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण कार्य को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्हांने एडीओ पंचायत एवं डीसी को आपसी समन्वय बनाकर अपने-अपने विकास खण्डों के मॉडल ग्रामों का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉडल ग्रामों का मानक के अनुसार मॉनीटरिंग करेंगे एवं ग्रामवासियों से बात-चीत कर फोटो सहित अवगत करायेंगे। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 15315 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 11885 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी एम0आई0एस0 के सापेक्ष 3430 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 7135 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 408596 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 394845 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है, अवशेष 13751 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के निर्देश दियें गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं सदस्य सहित अन्य सम्बधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# छात्राओं के बीच साईकिल वितरण में गड़बड़ी की हो जांच


**टाटीझरिया, हजारीबाग।** कल्याण विभाग से विद्यार्थियों को जो साईकिल दी जाती है,उसमें घोर अनियमितता की शिकायत मिल रही है। सूचना है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं के बीच साइकिल वितरित किया गया,जिसमें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उषा शीतल कंडीर उपस्थित थीं। कई छात्राओं को साईकिल दी गई तो कई सूचीबद्ध छात्राओं को साईकिल नहीं मिली।यहां तक कि साईकिल लेने वाली छात्राओं को सूचना भी नहीं दी गई थी। ऐसा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के नियत से विद्यालय प्रधान द्वारा किया गया था। साइकिल वितरण के वक्त विधायक और सांसद के प्रतिनिधियों को सूचना भी नहीं दी गई थी। ऐसा लगता है कि साईकिल घोटाला सोची - समझी साजिश के तहत की गई है। कई विद्यालयों के लिए साईकिल वितरित किया गया,छात्राओं की पहचान विद्यालय के शिक्षक द्वारा की गई। सबों से हस्ताक्षर करवाया गया,यहां तक कि जो छात्रा नहीं पहुंची थी,उनके भी फर्जी हस्ताक्षर करवाए गए। विद्यालयों के जिम्मे साइकिल दे दी गई।

कई विद्यालयों के शिक्षकों ने इस प्रकार घोटाला किया।अब कई माह बीत जाने के बाद लोग दबी जुबान से साइकिल घोटाला की बात करने लगे हैं। आवश्यकता है इसके गहन जांच करने की।

# कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के ग्लोबल स्किल पार्क का किया निरीक्षण

## युवाओं को रोजगारपरक कौशल देकर ही देश की प्रगति संभव है : कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के कौशल विकास मॉडल का अध्ययन करने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से भोपाल का दौरा किया। उन्होंने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) परियोजना के तहत विकसित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निरीक्षण किया और वहां चल रही योजनाओं, नवाचारों और तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी ली। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मंत्री अग्रवाल का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने स्किल पार्क की विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक लैब्स और तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की।



उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश की कौशल विकास रणनीतियों को अनुकरणीय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश इनसे प्रेरणा लेकर अपने युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई योजनाएं लागू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक देश तभी प्रगति करता है, जब उसके युवा कामयाब और सफल होते हैं। युवा ही देश की सबसे बड़ी पूंजी और असली संपत्ति हैं।

हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें सफलता की नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को सशक्त, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्लोबल स्किल पार्क, जिसे एडीबी की सहायता से विकसित किया गया है, आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

अत्याधुनिक लैब्स और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए तैयार कर रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करना और भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, निदेशक नेहा प्रकाश, उप निदेशक मानपाल सिंह और मध्य प्रदेश के सचिव रघुराज राजेंद्र, निदेशक जी.एन. अग्रवाल, उप निदेशक आर.के. अवस्थी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानून राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिसंबर को चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

देश में इन तीनों नए आपराधिक कानूनों को 1 जुलाई 2024 को लागू किया गया था। इनका उद्देश्य देश की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है।

इन आपराधिक कानूनों की संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर की गई थी और इसका उद्देश्य औपनिवेशिक काल के कानूनों को हटाना था, जो आजादी के कई साल बाद भी जारी थे। ऐसा दंड की बजाय न्याय पर ध्यान



केंद्रित करके न्यायिक प्रणाली को बदलने के लिए किया गया है। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी) में दोपहर 12 बजे आयोजित इस कार्यक्रम का विषय "सुरक्षित समाज, विकसित भारत दण्ड से न्याय तक" है। इसमें पांच हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन नए आपराधिक कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की मेजबानी के लिए चंडीगढ़ को इसलिए चुना गया है क्योंकि नए कानूनों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने में यह शहर अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आगे है।

आपराधिक कानूनों में ऐतिहासिक सुधार भारत की न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव का प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में इन कानूनों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे वे पहले से ही आपराधिक न्याय परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। इस दौरान एक लाइव प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें अपराध स्थल की जांच का अनुकरण किया जाएगा, जहां नए कानूनों को अमल में लाया जाएगा।

# संगठनात्मक बैठक में बनाई रणनीति





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी प्रयागराज मंडल राजेश तिवारी ने प्रयागराज में प्रयागराज मंडल के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी के साथ संघटनात्मक बैठक की। कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कौशांबी में होने जा रहे नगर पालिका वार्ड पार्षद के उपचुनाव नगर पालिका सराय अकिल वार्ड नंबर -10 से जितेंद्र कुमार चौरसिया और नगर पालिका अझूआ वार्ड नंबर- 8 से विवेक कुमार ने कौशांबी के कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। वार्ड पार्षद के उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार राजेश तिवारी ने कहा यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। इसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को लगाके सभी प्रत्याशियों को जीत हासिल कराने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। बैठक में उपस्थित उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता व बांदा के कोऑर्डिनेटर राम बहादुर त्रिपाठी जी, पूर्व जिला अध्यक्ष एन एस यू आई अमित द्विवेदी "आजाद", युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, छात्र संगठन के प्रदेश महासचिव उदय

# इत्र पार्क में आवंटित हो चुके 33 प्लाट, 27 को 25 और का आवंटन होगा

**कन्नौज।** यूपीसीडा द्वारा जनपद में इत्र पार्क विकसित किया गया है जिसमें 5 चरणों में 33 उद्यमियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। उक्त परियोजना में यूपीसीडा द्वारा दिनांक 27 नवम्बर को 25 औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु निवेश मित्र पोर्टल पर भूखण्ड विज्ञापित किए गए है, जिसमें इत्र एवं इत्र आधारित उद्योग की स्थापना हेतु 500 से लेकर 3000 वर्गमीटर तक के भूखण्ड 5530 प्रतिवर्गमीटर पर आवंटन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

इच्छुक उद्यमी निवेश मित्र पोर्टल से इत्र पार्क कन्नौज में भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन कर सकते है। यह जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार ने दी। उन्होंने बताया है कि शुरूआत में भूखण्ड की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि प्रकिया शुल्क के साथ जमा करना होगा।

# गजल संग्रह तलाश साहिल का विमोचन एवं गजल नाईट का कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 02 दिसम्बर 2024 की शाम पूर्व पुलिस अधिकारी व अन्तर्राष्ट्रीय शायर मोहम्मद अली साहिल के तीसरे गजल संग्रह -तलाश साहिल की का विमोचन कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर, लखनऊ में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

मालूम हो कि यह साहिल का तीसरा गजल संग्रह है व इसको हिन्दुस्तान के ख्याति प्राप्त वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। इससे पूर्व इनके 02 गजल संग्रह पहला कदम व किरदार प्रकाशित हो चुके हैं, जिनका भव्य लॉच वर्ष 2012 में भारतेन्दु नाटय अकादमी व 2015 में संगीत नाटक अकादमी में हो चुका है। साहिल की 06 गजलों का वीडियो गजल एल्बम -तेरी सूरत वर्ष 2018 में मशहूर म्यूजिक कम्पनी -टी सीरीज द्वारा जारी किया जिसको यू-टयूब चैनल पर अभी तक लाखों लोगों द्वारा देखा जा चुका है। इनकी सोशल मीडिया पर जबरदस्त फेन फॉलोइंग है। मोहम्मद अली साहिल ने वर्ष 1990 से पुलिस की सेवा प्रारम्भ की और विगत 31 अगस्त, 2024 को वीमेन पॉवर लाइन 1090 से निरीक्षक गोपनीय के पद से बेदाग छवि के साथ सेवानिवृत्त हुए हैं, इसका ज्वलन्त उदाहरण यह है कि इनको इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया है। यह भारतीय फिल्म राईटर्स एसोसियेशन व



आई0पी0आर0एस0 के सदस्य भी हैं। हिन्दुस्तान की कई पत्र- पत्रिकाओं व मीडिया में इनके साक्षात्कार व शायरी को जगह मिली है तथा आकाशवाणी व दूरदर्शन पर इनकी शायरी का प्रसारण हुआ है। यह हिन्दुस्तान के बाहर दोहा( कतर) व जेददा( सउदी अरब) में भी अपनी शायरी व इन्केसारी से लोगों का दिल जीत चुके हैं।

गजल संग्रह पुस्तक के विमोचन के साथ ही इस अवसर पर गजल संध्या का कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें मशहूर गजल सिंगर कमाल खान, प्रदीप अली, मिथिलेश लखनवी व आकांक्षा ने साहिल की गजलों को सुरबद्ध किया, जिसकी उपस्थित लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी व आनन्द लिया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को आमंत्रित किया गया है एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री संजय गंगवार एवं दानिश आजाद अंसारी, उदय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री/वरिष्ठ साहित्यकार, डा0 हरिओम, आई0ए0एस0, पूर्व आई0ए0एस0 डा0 अनीस अंसारी, पूर्व डी0जी0पी0 रिजवान अहमद, पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, बी0पी0 जोगदण्ड, पूर्व ए0डी0जी0, पूर्व आई0जी0 आर0के0 चतुर्वेदी, अन्तर्राष्ट्रीय शायर इंजी0 वासिफ फारूकी, समीर शेख उपस्थित रहे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर घटकर 556.6 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़ककर 657.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.04 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 566.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.83 अरब डॉलर बढ़कर 67.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 17.98 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह गिरकर 4.2 अरब डॉलर रह गई।

## सोना, चांदी में नरमी



**इंदौर।** सप्ताहांत सोना एवं चांदी में नरमी दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 550 रुपये तथा चांदी 300 रुपये घटकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 79250 रुपये पर खुलने के बाद दिन 78700 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 91400 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 91100 रुपये बिकी।कामकाज में सोना ऊंचे में 79250 नीचे में 77600 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 91400 तथा नीचे 89600 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2651 डॉलर तथा चांदी 3060 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## कंपनी मामलों की एजेंसी का स्वतंत्र निदेशकों की चयन व्यवस्था के लिए छह फर्मों से करार

**नई दिल्ली।** कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसी भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान (आईआईसीए) ने पेशेवरों की खोज करने वाली छह प्रमुख फर्मों के साथ एक करार किया है ताकि कंपनियों में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए खोज व चयन की प्रक्रिया को और अच्छा किया जा सके। इन फर्मों में कोर्न फेरी, एबीसी कंसल्टेंट्स, ईएमए पार्टनर्स लिमिटेड, डीएचआर ग्लोबल, शेफ़ील्ड हॉवर्थ और वाहुरा शामिल है। इनके साथ शनिवार को यहां राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएफआरए के अध्यक्ष और आईआईसीए के महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी डॉ. अजय भूषण पांडे ने की। कार्पोरेट मामलों के मंत्रायल की एक विज्ञप्ति कहा गया है, ÷इन फर्मों के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय निदेशक मंडलों में स्वतंत्र निदेशकों के चयन और नियुक्ति प्रक्रिया को बेहतर बनाना है। भारतीय बोर्डरूम कॉर्पोरेट प्रशासन उत्कृष्टता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।÷ डॉ. अजय भूषण पांडे ने कहा, ' यह समझौता ज्ञापन स्वतंत्र निदेशक डाटाबैंक के लिए योग्य स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति सुगम बनाने में महत्वपूर्ण कदम है। इस स्तर की खोज फर्मों के साथ सहयोग से कंपनियों को आधुनिक बोर्डरूम की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल पेशेवर सुनिश्चित होंगे।

## मारुति सुजुकी की बिक्री नवंबर में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,81,531 इकाई पर

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की नवंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,81,531 इकाई हो गई, जो पिछले साल समान महीने में 1,64,439 इकाई थी। एमएसआईएल ने बताया कि घरेलू यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 1,41,312 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 1,34,158 वाहन बेचे गए थे। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री समीक्षाधीन माह में 9,750 इकाई रही, जो नवंबर 2023 में 9,959 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री नवंबर में घटकर 61,373 इकाई रह गई, जो एक साल पहले महीने में 64,679 इकाई थी।


ब्रेज़ा, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा और एक्सएल6 जैसी बहुद्देशीय वाहनों ने पिछले महीने 59,003 इकाइयां बेची, जो पिछले साल नवंबर में 49,016 इकाई थी। वैन ईको की बिक्री पिछले महीने 10,589 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2023 में यह 10,226 इकाई थी। वहीं हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 2,926 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2023 में 2,509 इकाई थी।

## लगातार दूसरे महीने बढ़ी एटीएफ की कीमत, महंगा हो सकता है हवाई सफर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एयर टरबाइन फ्यूल एटीएफ यानी जेट फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। जेट फ्यूल की कीमत में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की गई है। आज जेट फ्यूल की कीमत में 1.45 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। कीमत में की गई इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में जेट फ्यूल की कीमत में 1,318.12 रुपये प्रति किलो लीटर की बढ़ोतरी हो गई है। अब दिल्ली में जेट फ्यूल 91,856.84 रुपये प्रति किलो लीटर के भाव पर मिल रहा है।

आज की बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमत 84,642.91 रुपये से बढ़ कर 85,861.02 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है। इसी तरह चेन्नई में इसकी कीमत बढ़ कर



95,231.49 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है, जबकि कोलकाता में एविएशन टर्बाइन फ्यूल कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद 94,551.63 रुपये प्रति किलो लीटर के भाव पर मिल रहा है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद हवाई सफर के भी महंगे होने की संभावना बन गई है। एटीएफ की कीमत में आज हुई बढ़ोतरी के पहले 1 नवंबर को भी इसकी कीमत में 2,941.50 रुपये प्रति किलो लीटर यानी 3.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी।

हालांकि इसके पहले सितंबर और अक्टूबर के महीने में एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में लगातार दो महीने कटौती भी हुई थी। नवंबर में हुई बढ़ोतरी के पहले 1 अक्टूबर को एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत 5,883 रुपये प्रति किलो लीटर यानी 6.3 प्रतिशत कम की गई थी, जबकि 1 सितंबर को एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत 4.58 प्रतिशत यानी 4,495.50 रुपये प्रति किलो लीटर घटाई गई थी।

## जीएसटी राजस्व संग्रह नवंबर में 8.5 फीसदी बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। नवंबर महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 8.5 फीसदी बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इसकी वजह घरेलू लेन-देन से मिला अधिक राजस्व है। पिछले साल की समान अवधि में यह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा था।

जीएसटी महानिदेशालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि नवंबर में सकल जीएसटी राजस?व संग्रह 8.5 फीसदी बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो पिछले छह माह का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पिछले महीने अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रह नौ फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ दूसरा सबसे बेहतर जीएसटी राजस्व संग्रह रहा था। अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर के जीएसटी राजस्व संग्रह 1,82,269 करोड़ रुपये में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा है। इस महीने में 19,259 करोड़ रुपये के रिफंड भी जारी किए गए है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.9 फीसदी कम है। रिफंड को समायोजित करने के बाद नेट जीएसटी राजस्व संग्रह 11 फीसदी बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा।

## लगातार दूसरे महीने बिकवाल बने रहे एफपीआई, नवंबर में की 21,612 करोड़ की बिकवाली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार दूसरे महीने भी बिकवाल की भूमिका में बने रहे। नवंबर के महीने में विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट से 21,612 करोड़ रुपये यानी 2.56 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की। माना जा रहा है की डॉलर इंडेक्स की मजबूती, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में हुई बढ़ोतरी और घरेलू अर्थव्यवस्था में आई तात्कालिक गिरावट की वजह से विदेशी निवेशकों ने लगातार दूसरे महीने भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का रुख बनाए रखा है।

राहत की बात ये रही कि नवंबर के महीने में अक्टूबर की तुलना में विदेशी निवेशकों ने कम मात्रा में पैसों की निकासी की?। अक्टूबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक मार्केट से 94,017 करोड़ रुपये यानी करीब 11.2 अरब डॉलर की निकासी की थी। भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में पहली बार विदेशी निवेशकों ने इतने बड़े पैमाने पर बिकवाली करके पैसों की निकासी की थी। हालांकि अक्टूबर के पहले सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पूरी तरह से लिवाल की भूमिका में कारोबार कर रहे थे। सितंबर में विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में 57,724 करोड़




रुपये की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों द्वारा की गई ये खरीदारी इसके पहले के 9 महीने का सर्वोच्च स्तर थी। हालांकि सितंबर के बाद अक्टूबर और नवंबर इन दोनों महीनों के दौरान विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से अपना पैसा निकालने में ही लग रहे। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि महंगाई दर की स्थिति और ब्याज दरों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के निर्णय पर घरेलू शेयर बाजार की चाल आने वाले दिनों में निर्भर करेगी। इन बातों का असर घरेलू निवेशकों के साथ ही विदेशी निवेशकों पर भी पड़ेगा। रुंगटा एसोसिएट्स के सीईओ हरीश रुंगटा का कहना है कि अमेरिका में नई सरकार की आर्थिक नीतियों और जियो-पॉलिटिकल एक्टिविटीज पर भी विदेशी निवेशकों की चाल निर्भर करेगी। रुंगटा के मुताबिक इसके अलावा दिसंबर में खत्म होने वाली तिमाही में भारतीय कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन पर भी विदेशी निवेशको का रुख कुछ हद तक निर्भर करेगा। अगर भारतीय कंपनियों का वित्तीय प्रदर्शन बेहतर रहा तो घरेलू शेयर बाजार में एक बार फिर तेजी का रुख बन सकता है। खासकर, विदेशी निवेशक एक बार फिर घरेलू बाजार में अपना निवेश बढ़ा सकते हैं।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 685.68 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79802.79 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.85 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 24131.10 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1041.63 अंक अर्थात 2.31 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 46070.85 अंक और स्मॉलकैप 2586.93 अंक यानी 4.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ 55199.86 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव में कमी, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में सरकारी खर्च में स्थिरता की उम्मीद और एमएससीआई के संतुलित होने से बाजार में हाल के करेक्शन के




बाद बीते सप्ताह कुछ राहत देखी गई। यह तेजी व्यापक थी जबकि पूंजीगत व्यय से जुड़े क्षेत्रों जैसे कि बुनियादी ढांचा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक क्षेत्रों ने नए ऑर्डर प्रवाह में तेजी की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया। मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने की उम्मीद में सप्ताह के दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमत में चार प्रतिशत की गिरावट आई। तेल की कीमतों में नरमी आने वाली तिमाहियों में भारतीय कंपनियों के परिचालन मापदंडों में सहायक बनी रहेगी। अच्छे मानसून, त्योहार और विवाह सीजन के कारण दूसरी छमाही की आय की संभावनाएं सकारात्मक रहने का अनुमान है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों की आय में गिरावट का प्रभाव कम हो सकता है। निवेशकों का ध्यान अमेरिका और यूरोजोन के मुद्रास्फीति संकेतकों पर भी है, जो केंद्रीय बैंकों की दिसंबर में नीति दरों को प्रभावित करेंगे। बाजार में स्थिरता अगले सप्ताह आने वाले आर्थिक आंकड़ों की स्थिरता पर निर्भर करेगी। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के घटकर 5.4 प्रतिशत पर रहने से बाजार पर कुछ असर पड़ने की आशंका है।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक 4 दिसंबर से, रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम




एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक 4 से लेकर 6 दिसंबर तक चलेगी। बैठक के बाद निर्णय की घोषणा छह दिसंबर को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास करेंगे। इस बार भी एमपीसी की समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में छह सदस्यीय एमपीसी की बैठक 4-6 दिसंबर को होने वाली है। विशेषज्ञों का कहना है कि आरबीआई एमपीसी समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को एक बार फिर अपरिवर्तित रख सकता है। केंद्रीय बैंक के पास इस बार बहुत कम विकल्प होंगे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति छह फीसदी से ऊपर है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है।

## टॉप 10 में शामिल 9 कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी, एलआईसी ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 2,29,589.86 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। टॉप 10 की एक कंपनी इंफोसिस के मार्केट कैप में 18,477.50 करोड़ रुपये की कमी हो गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 685.68 अंक यानी 0.86 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 223.85 अंक यानी 0.93 प्रतिशत मजबूत हो गया। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 60,656.72 करोड़ रुपये बढ़ कर 6,23,202.02 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 35,860.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 13,73,932.11 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 35,860.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,48,991.51 करोड़ रुपये के स्तर तक, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 32,657.06 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,26,725.90 करोड़ रुपये के स्तर तक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 20,482 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,48,775.62 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 15,858.02 करोड़ रुपये उछल कर 9,17,724.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 11,947.67 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,86,516.72 करोड़ रुपये के स्तर तक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 10,058.28 करोड़ रुपये बढ़ कर 15,46,207.79 करोड़ रुपये के स्तर तक और आईटीसी का मार्केट कैप 2,555.35 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,96,828.28 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इस सप्ताह टॉप 10 भारतीय कंपनीयों में से सिर्फ एक कंपनी इंफोसिस को ही मार्केट कैप के मामले में नुकसान का सामना करना पड़ा। इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 18,477.50 करोड़ रुपये घट कर 7,71,674.33 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,991.51 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,46,207.79 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,73,932.11 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,26,725.90 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,17,724.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,71,674.33 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,48,775.62 करोड़ रुपये), एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,23,202.02 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,96,828.28 करोड़ रुपये), और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,86,516.72 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## मजबूत वैश्विक बाजार, आवक घटने से बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच देश में सोयाबीन, सूरजमुखी और कपास के हाजिर दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग 10-15 प्रतिशत कमजोर रहने की वजह इन तिलहनों की आवक घटने के कारण बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। मूंगफली की आवक बढ़ने के बीच मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों की आवक घटकर प्रतिदिन करीब 1.5 लाख बोरी रह गई जबकि सरसों की प्रतिदिन की खपत करीब 3.5-4 लाख बोरी की है। चूंकि अब पामोलीन तेल का दाम सरसों से अधिक हो गया है इसलिए आगे जाकर सरसों की खपत और बढ़ने जा रही है। सरसों तेल-तिलहन



में सुधार आने का यह मुख्य कारण है। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन की आवक इससे पहले के सप्ताह में लगभग 6.75 लाख बोरी की थी जो समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर लगभग 3.5 लाख बोरी रह गई। जिस वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन में भी बीते सप्ताह तेजी रही। सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात बढ़ाने के लिए सब्सिडी देने पर विचार करना चाहिये क्योंकि केवल सरकारी खरीद से किसानों को पूरी राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद के बावजूद सोयाबीन का हाजिर दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है। किसानों का यह भी मानना है कि सरकारी खरीद में किसानों की पूरी फी पूरी फसल खरीदना संभव नहीं है और सरकार को देशी तेल-तिलहनों का बाजार विकसित करने की ओर ध्यान देना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि मूंगफली की आवक बढ़ रही है पर मांग कमजोर बनी हुई है। आयातित खाद्यतेलों पर आयात शुल्क 22 प्रतिशत बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली का थोक दाम लगभग 12 प्रतिशत घट गया है। इस तेल का दाम पामोलीन से 5-7 रुपये किलो नीचे है। अब इस बात पर भी गौर करना चाहिये कि मूंगफली तेल के इस सस्तेपन का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ का दाम 1,230-1,240 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,270 डॉलर प्रति टन हो गया। सीपीओ के भाव विदेशों में निरंतर मजबूत होते जाने के बीच देश में भी पाम एवं पामोलीन के दाम में मजबूती आई।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के लिए दैनिक उड़ान शुरू की

**कोलकाता।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने नेटवर्क विस्तार के तहत कोलकाता से श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) के लिए दैनिक उड़ान शुरू की। एयरलाइन ने एक बयान में यह जानकारी दी। कोलकाता - श्री विजयपुरम की पहली उड़ान सुबह 5.40 बजे रवाना हुई। बयान में कहा गया है कि 15 दिसंबर से एयरलाइन इस मार्ग पर एक अतिरिक्त दैनिक उड़ान शुरू करेगी, जो कोलकाता और श्री विजयपुरम के बीच दिन में दो बार संपर्क प्रदान करेगी। कोलकाता हवाई अड्डे के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने एक्स पर पोस्ट किया, रोमांचक समाचार! एयर इंडिया एक्सप्रेस (आईएक्स) ने कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के लिए दैनिक उड़ानें शुरू की हैं। आज सुबह 05:40 बजे पहली उड़ान के साथ 175 यात्री यात्रा करेंगे।

## टीवीएस मोटर कंपनी की बिक्री नवंबर में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,01,250 इकाई पर




एजेंसी

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की नवंबर में कुल बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 4,01,250 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 3,64,231 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहन बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,92,473 इकाई हो गई, जबकि नवंबर, 2023 में यह 3,52,103 इकाई थी। नवंबर, 2024 में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 3,05,323 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 2,87,017 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसकी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 26,292 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 16,782 इकाई थी। कंपनी के तिपहिया वाहनों की बिक्री नवंबर में कम होकर 8,777 इकाई रह गई, जो नवंबर, 2023 में 12,128 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि उसका निर्यात पिछले महीने 25 प्रतिशत बढ़कर 93,755 इकाई हो गया, जो नवंबर, 2023 में 75,203 इकाई था

## टाटा मोटर्स की बिक्री नवंबर में मामूली बढ़कर 74,753 इकाई पर

**मुंबई।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की नवंबर में कुल बिक्री मामूली बढ़कर 74,753 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 74,172 इकाई थी। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 73,246 इकाई हो गई, जबकि नवंबर, 2023 में यह 72,647 इकाई थी। बयान के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित कुल यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री नवंबर में दो प्रतिशत बढ़कर 47,117 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 46,143 इकाई थी। इसी तरह, ईवी सहित घरेलू पीवी की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 47,063 इकाई रही, जो नवंबर, 2023 में 46,068 इकाई थी। पिछले महीने कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री एक प्रतिशत घटकर 27,636 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 28,029 इकाई थी।

## प्राइमरी मार्केट में इस सप्ताह 3 आईपीओ की लॉन्चिंग, 8 कंपनियों के शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में 3 नए आईपीओ की लॉन्चिंग से हलचल बनी रहने वाली है। इसके अलावा 28 और 29 नवंबर को लॉन्च हुए 3 आईपीओ में भी निवेशक सोमवार और मंगलवार तक बोली लगा सकेंगे। 02 दिसंबर से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान 8 कंपनियों के शेयरों की स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग भी होने वाली है।भारत की पहली रजिस्टर्ड स्मॉल एंड मीडियम रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) प्रॉपर्टीज शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की पहली स्कीम प्रॉपशेयर प्लैटिना का 353 करोड़ रुपये का आईपीओ कल 02 दिसंबर को लॉन्च होने वाला है। इस आईपीओ को प्रॉपर्टीज शेयर आरईआईटी आईपीओ भी कहा जा रहा है। आईपीओ के तहत 10 लाख रुपये से लेकर 10.5 लाख रुपये प्रति यूनिट का प्राइस बैंड तय किया गया है। ये आईपीओ 04 दिसंबर को क्लोज होगा। प्रॉपर्टीज शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की इस स्कीम की यूनिट्स को 09 दिसंबर से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा या बचा जा सकेगा। इस सप्ताह बुधवार 04 दिसंबर को नाइसस फाइनेंस सर्विसेज का 114.24 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च होगा। इस आईपीओ में 06 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ के तहत 170 रुपये से लेकर 180 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 11 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर होगी।

इसी सप्ताह गुरुवार 05 दिसंबर को एमेराल्ड टायर मैन्युफैक्चरर्स का 49.26 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ में अगले सप्ताह 09 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 90 रुपये से लेकर 95 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 12 दिसंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इनके अलावा पिछले सप्ताह 28 नवंबर को ओपन हुए अग्रवाल टफंड ग्लास इंडिया के 62.64 करोड़ रुपये के आईपीओ में सोमवार 02 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ के तहत 105 से 108 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 05 दिसंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी तरह 29 अक्टूबर को लॉन्च हुए सुरक्षा डायग्नोस्टिक और गणेश इंफ्रा वर्ल्ड के आईपीओ में भी मंगलवार 03 दिसंबर तक बोली लगाने का मौका है। सुरक्षा डायग्नोस्टिक के आईपीओ में 420 से 441 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 34 शेयर का है। कंपनी के शेयर 06 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इसी तरह गणेश इंफ्रा वर्ल्ड के आईपीओ के तहत 78 से 83 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 06 दिसंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कल से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान 08 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में दस्तक देने वाले हैं। इनमें कल 02 दिसंबर को राजेश पावर सर्विसेज के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। इसी तरह 03 दिसंबर को सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स और राजपूताना बायोडीजल के शेयर की एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग होगी। इसके अगले दिन 04 दिसंबर को आभा पावर एंड स्टील और एपेक्स ईकोटेक के शेयर की एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग होगी।

# सर्दियों में सांस के रोगी रहें सचेत



सर्दियों में तापमान में कमी और वातावरण में प्रदूषित तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा सेहत के लिए मुसीबत का कारण बन सकती है। सर्दियों का मौसम खासतौर पर सांस के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी दिक्कतें जैसे दमा, फ्लू और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

### प्रदूषित कोहरे का दुष्प्रभाव

सर्दियों में होने वाला कोहरा (जो वायुमंडल की जलवाष्प के संघनित होने से बनता है) कमोबेश हानिरहित होता है, लेकिन धुएं और सस्पेन्डिड पार्टिकल्स (छोटे-छोटे प्रदूषित कणों) के इर्द-गिर्द जमने से बना स्मोग (प्रदूषित कोहरा) मानव शरीर और खासतौर पर श्वसन तंत्र के लिए किसी विपत्ति से कम नहीं होता। इस वजह से लोगों की आंखों में जलन, आंसू, नाक में खुजली, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य तौर पर देखने को मिलते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही सांस की नली की संवेदनशीलता तुलनात्मक रूप से बढ़ जाती है, जिससे सांस की नली सिकुड़ती है। इस कारण सांस के रोगियों में समस्या की आशंका बढ़ जाती है।

### वृद्ध रहें सजग

वृद्धों में सांस संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती हैं। दरअसल बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण उन्हें सांस संबधी बीमारियों का ज्यादा खतरा रहता है।

दमा या अस्थमाः वातावरण में किसी भी प्रकार के बदलाव से शरीर में परिवर्तन होता है, जिससे, एलर्जी और अस्थमा के रोगी मुख्य रूप से प्रभावित होते हैं। जाड़े में इन मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती है। इसलिए उन्हें विशेष तौर पर अपना ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

फ्लू या इंफ्लूएंजाः यह समय फ्लू या इंफ्लूएंजा के वाइरस के सक्रिय होने का है। इस कारण फ्लू के मामलों में काफी वृद्धि हो जाती है। बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाएं और एच.आई.वी. से पीड़ित रोगियों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।



### क्या करें

- सांस के रोगी खासकर दमा के मरीज न सिर्फ सर्दी से बचाव करें बल्कि नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें। डॉक्टर की सलाह से अपने इनहेलर की डोज भी दुरुस्त कर लें। कई बार इनहेलर्स की मात्रा बढ़ानी होती है।
- सर्दी से बचकर रहें। पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।
- सर्दी के कारण साबुन-पानी से हाथ धोने की अच्छी आदत न छोड़ें।
- गुनगुने पानी से नहाएं।
- सर्दी के मौसम में मालिश लाभप्रद है।
- सर्दी, जुकाम, खांसी, फ्लू और सांस की अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को सुबह- शाम भाप(स्टीम) लेनी चाहिए।
- फ्लू के रोगी खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ रखें या रूमाल का प्रयोग करें।
- फ्लू के रोगियों द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे रूमाल व चादरों आदि को सुरक्षित विधि से साफ करें।
- अगर आप में फ्लू के लक्षण हैं, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और घर मे ही रहें।
- फ्लू पीड़ित से कम से कम 1 मीटर दूर रहें।
- हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, भारतीय पद्धति के अनुसार नमस्कार करें।

### क्या न करें

- सर्दी में सांस के मरीजों को सुबह की सैर नहीं करनी चाहिए।
- सुबह ठंडे पानी से न नहाएं। सांस के रोगियों को अलाव के धुएं से बचना चाहिए, अन्यथा इससे उन्हें सांस का दौरा पड़ सकता है।

# घर पर करें गोभी और मिर्च से रोगों का उपचार

जार्जटाऊन यूनिवर्सिटी मैडीकल सैंटर के शोधकर्ताओं के अनुसार फूलगोभी, पत्तागोभी तथा जलकुंभी परिवार की सब्जियों में एक प्रकार का पदार्थ पाया जाता है जो मानव एवं जानवर दोनों में फेफड़े का कैंसर रोकने में सहायक होता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार 'प्रेफेक्स' नामक एक ऐसा पदार्थ गोभी में पाया जाता है जो फेफड़े को कैंसरग्रस्त होने से रोकता है। यह पदार्थ सैक्स उत्तेजक भी होता है। इसी प्रकार मिर्च खाने से शरीर की चर्बी कट जाती है और वजन कम हो जाता है।

मिर्च की तासीर के कारण चर्बी बढ़ाने वाली कोशिकाएं खुद ब खुद नष्ट होने लगती है। ताईवान के शोधकर्ता चिन-लिन-शू के अनुसार मिर्च शरीर के चयापचय की प्रक्रिया को तेज करती है और यह मोटापे को कम करने के साथ ही कालरा तथा ब्रांकाइटिस जैसी बीमारियों का उपचार भी करती है।



गोभी और मिर्च से बहुत से रोगों का उपचार घर पर ही किया जा सकता है। आईए जानें कैसे

### गोभी

1 गोभी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को दरूस्त रखते हैं और पेट संबंधी रोगों से राहत देते हैं।
2 गोभी का सेवन करने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा कम होता है।
3 गोभी का सेवन मोटापे से निजात दिलाता है।
4 गोभी में कैल्शियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो शरीर की हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होती है और दांतों को भी मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

### मिर्च

1 जब आप हरी मिर्च अपने दांत से चबाते हैं तो इसका तीखा अनुभव आपके मुंह में अधिक थूक पैदा करता है जो रक्त के थक्कों को घोलने में काफी सहायक होता है।
2 हरी मिर्चों में विटामिन सी की मौजूदगी शरीर को खांसी, जुकाम तथा श्वास संबंधी अन्य समस्याओं से बचाने में सहायता करती है।
3 हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।
4 हरी मिर्च एक प्राकृतिक दर्द निवारक है और यह ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी स्थितियों में इलाज में काफी लाभदायक होती है।
5 मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलैस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं।

# मानव पर रंगों का प्रभाव

सफेद रंग हल्केपन एवं शीतलता का आभास देता है।

पीला रंग उत्फुल्लता, हल्केपन खुलेपन और गर्माहट का आभास देता है, नब्ज की रफ्तार तेज करता है परंतु आक्रामक प्रतिक्रिया भी पैदा कर सकता है।

बैंगनी रंग थकान और भारीपन का भ्रम उत्पन्न कर थकान, बोरियत या बोझ की अनुभूति करता है।



गहरा नीला रंग मस्तिष्क को विश्रांति देता है किन्तु दुख का बोध भी कराता है। गहरे नीले रंग से पूरा कमरा ठंडा एवं भरा-भरा प्रतीत होता है।

हरा रंग शांति एवं शीतलता का अहसास कराता है। आंखों से दबाव घटाकर नेत्र ज्योति तेज करता है। खून का दबाव भी सामान्य करता है। हल्का नीला रंग शीतलता व अलगाव द्वारा चैन देता है। काला रंग ओजस्विता कम करता है, अवसादकारक एवं उत्पीड़क बोझ देने वाला है। काले रंग पुते तल काफी बड़े प्रतीत होते हैं। भूरा रंग स्थायित्व, गर्म और मानसिक संतुलन बोधकारक होता है। सलेटी रंग को ठंडा, नीरसता व विरक्तिबोधक माना जाता है। श्वेत एवं नीले रंग के सम्मिश्रण को शीतलता और चैन का द्योतक कहा गया है। जामुनी रंग गर्म एवं उत्साहवर्धक माना गया है। लाल रंग गर्मजोशी, मनोबल बढ़ाता है, मगर देर तक हावी रहना थकान एवं धड़कन बढ़ाता है

# ठंड में त्वचा रोगों से बचाव के घरेलु नुस्खे



1 सर्दी के मौसम में स्वस्थ त्वचा के लिए जरूरी है नियमित स्नान। भले ही आप प्रतिदिन न नहाएं परंतु हर दूसरे दिन नहाने का नियम बनाएं। जिस दिन नहीं नहाएं, उस दिन स्पंज करें तथा अंदर के कपड़े अवश्य बदलें। नहाने के लिए ठंडा-गर्म जैसा पानी चाहें, इस्तेमाल कर सकते हैं।
2 जाड़े में साबुन का प्रयोग ज्यादा न करें। नहाने से पहले पूरे बदन में तेल लगाएं। नहाने के बाद तेल या माश्चराइजर का उपयोग करें। पानी से करने वाले काम एक ही बार में निपटा लें। बार-बार पानी में हाथ न डालें। यदि पानी का काम करना जरूरी हो तो पहले हाथों में मलाई लगाएं। दस्ताने पहन कर काम करने से त्वचा सुरक्षित रहती है।
3 सर्दियों में धूप का नियमित सेवन करके चिलब्लेंस व डर्माटाइटिस जैसे रोगों से बचा जा सकता है। धूप में उतना ही बैठें जितनी देर आराम महसूस करें। अगर त्वचा लाल पडने लगे या सूजने लगे, तो धूप से हट जाएं। जिन्हें धूप से एलर्जी है उनके लिए सर्दी की धूप भी नुक्सानदायक है। ऐसे लोग धूप में कम निकलें। जब भी धूप में निकलें तो सिर पर स्कार्फ बांध लें या छतरी भी लगा सकते हैं।
4 हाथ-पैर की उंगलियों के सुन्न होने, खून का दौरा कम होने या त्वचा के फटने से बचने का सबसे अच्छा उपाय है संतुलित आहार। भोजन में दूध, दही और हरी सब्जियां खूब लें। विटामिन ए ज्यादा से ज्यादा लें। त्वचा के लिए गाजर का सेवन बहुत फायदेमंद है।
5 यूरिया आयंटमैंट त्वचा के फटने, सूजन और लाल होने वाली त्वचा के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है। यह यूरिया से बनती है। इसको मलने से त्वचा काफी देर तक मुलायम बनी रहती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा में होने वाले रोगों से बचा जा सकता है तथा त्वचा स्वस्थ रहती है।

# कहीं आप भी खून की कमी का शिकार तो नहीं हो रहे



आज के भागदौड़ भरे जीवन में फास्ट फूड का प्रचलन बड़ रहा है। जिससे भोजन में पौष्टिक आहार की कमी के कारण आज प्रत्येक वर्ग के लोग खून की कमी से जूझ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या युवाओं की है जिसके कारण उन्हें कमजोरी आदि की शिकायतें होने लगी हैं। खून की पाई जाने वाली इस कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया का प्रमुख कारण सही प्रकार की डाइट न लेना है। पुरुषों में खून की मात्रा 14 से 18 ग्राम प्रति डैसीलीटर होनी चाहिए। वहीं महिलाओं में यह 12 से 16 ग्राम प्रति डैसीलीटर है। इससे कम मात्रा में पाए जाने वाले खून को एनीमिया कहते हैं। वैसे 10 ग्राम से अधिक खून वाले भी स्वस्थ रहते हैं, परंतु इससे कम खून वाले को अधिक से अधिक डाइट लेनी चाहिए।

एनीमिया की 3 स्टेज होती हैं, जिनमें प्रथम स्टेज को माइलड कहते हैं, जो 10 से 12 ग्राम होती है। वहीं 6 से 10 ग्राम को मोडरेट व 6 ग्राम से कम की स्थिति खतरनाक होती है। जिसे सीवियर एनीमिया कहते हैं।

एनीमिया अत्यधिक गंभीर रोग तब होता है जब हैपिटाइटिस बी, सी तथा एच.आई.वी. जैसे संक्रमण होते हैं। डाक्टरों का सुझाव है कि अधिक मात्रा में भी आयरन का सेवन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे हृदय संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कैसे करें खून की कमी पूरी

1 एनीमिया से निजात पाने के लिए बैलेंस डाइट जरूरी है। प्रोटीन, आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन, मांस, मछली में ही नहीं दूध, हरी सब्जियां, मटर, फलियों तथा पत्तेदार सब्जियों, शीरा, गुड़, किशमिश, खजूर, सेब इन सबमें अलग-अलग रूप में मिल जाते हैं। इन तत्वों में खून बनने में सहायता मिलती है।

2 खाना खाने से पहले व बाद में आधे घंटे तक चाय का सेवन भी नहीं करना चाहिए। चाय खाने में मिलने वाले पौष्टिक तत्वों को डाइजेस्ट नहीं होने देती।

3 आयरन युक्त डाइट तभी फायदेमंद होती है, जब उसके साथ विटामिन सी का भी सेवन किया जाए। विटामिन सी के लिए अमरूद, आंवला और संतरे का जूस लें। वैसे तो बैलेंस्ड डाइट और हैल्दी लाइफ स्टाइल ही काफी है लेकिन फिर भी किसी कारण से एनीमिया हो जाता है तो प्रापर ट्रीटमैंट लेना आवश्यक है। डाक्टर की सलाह से ब्लड टैस्ट कराएं ताकि बीमारी का कारण पता चल सके। उसके बाद ही डाक्टर आपका सही ट्रीटमैंट कर सकेंगे।

# रूखी त्वचा को कोमल बनाता है नारियल तेल

ठंड के कारण कई समस्याएं होती हैं. इस मौसम में त्वचा के रोग और सर्दी-जुकाम होना आम बात है. इन समस्याओं से निबटने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ आसान घरेलू उपाय, जिनसे इन समस्याओं से निबटा जा सकता है.

- रूखी त्वचा से बचने के लिए नैचुरल मॉस्च्यूराइजर, जैसे- नारियल तेल लगाएं.



- शहद के साथ गुलाब जल मिला कर चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा में चमक आयेगी और चेहरा साफ होगा.
- स्नान से पहले नारियल तेल लगा लें, इससे चिकनाई और कोमलता आयेगी.
- नीबू का रस लगाएं. इसमें मौजूद विटामिन-सी चेहरे की चमक बनाये रखती है.
- सर्दी के मौसम में विटामिन की कमी के कारण होठ फटने लगते हैं, इसलिए टमाटर, गाजर, साबूत अनाज और फल-सब्जियों का सेवन करें.
- नारंगी के छिलके के पाउडर में शहद मिला कर लगाने से त्वचा निखरती है.
- जितना हो सके, आहार में विटामिन-इ युक्त खाद्य पदार्थो, जैसे- पालक, बादाम, कद्दू आदि का सेवन करना बेहतर होता है.

# सेहत का खजाना है पालक

हरी सब्जियों में पालक का नाम सबसे ऊपर है. यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद है. इसमें शरीर के लिए आवश्यक अमीनो एसिड, विटामिन ए, फोलिक एसिड, प्रोटीन और लौह तत्व भरपूर मात्र में होते हैं. इसके सेवन कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है.

यह हरी पत्तेदार सब्जी गुणों से भरपूर है. पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए इसका नियमित सेवन बेहतर माना जाता है. पालक में विटामिन ए और सी प्रचुर मात्र में होते हैं. इसके अलावा विटामिन बी कॉम्पलैक्स, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम की भी प्रचुरता होती है. शोध के अनुसार एक कप पालक से दिन भर की मैग्नीशियम की जरूरत का 40 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है. मधुमेह पीड़ित लोगों के लिए भी पालक अच्छा विकल्प है. दही के साथ कच्चे पालक का रायता बहुत ही स्वादिष्ट और गुणकारी होता है.

इन रोगों से बचाता है -

ऑस्टियोपोरोसिस - खनिज तत्वों की प्रचुरता के कारण यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस को दूर रखता है.

आंखों की रोशनी - पालक मैकुलर डिजेनरेशन का जोखिम भी कम करता है. मैकुलर डिजेनरेशन 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का मुख्य कारण है. इसके अलावा, विटामिन ए की कमी से रतौंधी और आंखों की रोशनी में कमी जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं.

शरीर की क्षतिपूर्ति में सहायक - प्रचुर मात्र में मौजूद फोलेट डीएनए और कोशिकाओं की सामान्य क्षति को पूरा करता है और इससे शरीर स्वयं अपने नुकसान की भरपाई कर लेता है.

एंटीऑक्सीडेंट - यह शरीर में उपापचय व अन्य सामान्य क्रियाओं के दौरान बननेवाले फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में सहायक है. फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर तथा हृदयरोगों के कारण बन सकते हैं.

वजन घटाने में सहायक - इसमें फाइबर प्रचुर मात्र में होता है, इसलिए यह मोटापा घटाने के इच्छुक लोगों के लिए आदर्श आहार है. सलाद, सब्जी और जूस में पालक का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग बेहतर होता है.

पोस्टमेनोपॉजल सिंड्रोम - पालक में मौजूद मैग्नीशियम पीएमएस के लक्षणों में कमी लाता है. इस अवस्था में पेट फूलने जैसी शिकायतों से बचने के लिए पालक बेहतर विकल्प है.

प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है मजबूत - पालक में मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं और शरीर को सामान्य संक्रमणों से बचाते हैं.

बालों को मिले मजबूती - इसमें बालों के लिए आवश्यक विटामिन भी विशेष मात्र में होते हैं. बाल झड़ने से परेशान लोगों को कच्चे पालक का सेवन करना चाहिए.

ये लोग न करें सेवन - पालक में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो मिल कर कैल्सियम फॉस्फेट बनाता है. यह पानी में घुलता नहीं है, जिससे पथरी बन जाती है. इसलिए पथरी के रोगियों को सिर्फ पालक की सब्जी नहीं खानी चाहिए. पालक और हरी पत्तेवाली मेथी मिला कर साग बना कर खाने से पथरी नहीं बनती है. कच्चे पालक के रस के सेवन करने से भी पथरी नहीं होती है.



# आमजन के चेहरों पर मुस्कान लाने में सफल रहा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

## लाभार्थियों को वितरित किये गये स्वीकृति पत्र,अभियान के द्वितीय चरण का हुआ आगाज



**बहराइच। विभिन्न** विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण का आज ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अलिया बुलबुल में भव्य शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने गऊमाता का पूजन कर 02 परिवारों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोदान भी किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, रिसिया जमाल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

शिविर का शुभारम्भ करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, राजस्व, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, कौशल विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, श्रम, बैंक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सके इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से प्रयास करना होगा।

उन्होंने अब तक विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित योजनाओं के लाभ शत-प्रतिशत आच्छादित किये जाने के निर्देश भी दिये। शिविर में विभागवार लगाये गये स्टालों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि, विद्युत एवं आपूर्ति विभागों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों के संतृप्तिकरण में शिथिलता पाये जाने तथा अभिलेखों का रख-रखाव समुचित ढंग से न किये जाने पर सम्बन्धित विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों से वार्ता करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालय अलिया बुलबुल के बच्चों से उन्हें मिड-डे-मील, फल-दूध इत्यादि प्राप्त होने के सम्बन्ध में पूछने पर बच्चों द्वारा फल प्राप्त न होने के बारे में जानकारी दी। जिस पर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम प्रधान के विरूद्ध जांचोपरान्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। अलिया बुलबुल में आयोजित शिविर के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सीडीओ व अन्य अधिकारियों के साथ 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 05 बच्चों का अन्नप्रासन, 10 महिलाओं को बेबी किट, 05 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 03 टीवी मरीजों को पोषण दलिया किट, 02 कुष्ठ रोगियों को जूता किट, 09 नये जोड़ों को शगुन किट, 02 लोगों को फार्मर रजिस्टर, 03 लाभार्थियों को किसान निधि, 05 लोगों का राशन कार्ड, 02 महिला स्वयं सहायता, 02 लाभार्थियों को सामुदायिक निधि, 02 को पीसीएल, 05 महिलाओं को वृद्धा पेंशन, 01 को विकलांग पेंशन, 03 महिलाओं को विधवा पेंशन, 05 लाभार्थियों को पीएम आवास, 01 लाभार्थियों को सीएम आवास, मनरेगा के तहत 05 लाभार्थियों को जाब कार्ड तथा 05 लाभार्थियों को शौचालय हेतु स्वीकृति प़त्र का वितरा किया गया।

## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**बहराइच।** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर भिंगा रोड स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल ने इंदिरा गांधी स्टेडियम से जिलाधिकारी कार्यालय तक जागरूकता रैली निकाली गई इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा पोस्टर और बैनर के माध्यम से प्रदूषण युक्त बहराइच तथा भारत को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचने पर जिलाधिकारी ने रैली में शामिल बच्चों से भेंट करते हुए कहा कि प्रदूषण एक ग्लोबल समस्या है जिसके समाधान के लिए सभी को आगे आना होगा। डीएम ने छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि प्रदूषण नियन्त्रण के लिए लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षा आज से

### जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में तैयारी पूरी, शामिल होंगे सैकड़ों छात्र छात्राएं

**बहराइच।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षा की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय से संबंध जिले के महाविद्यालय में देर शाम तक तैयारी होती रही। यह परीक्षा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित कराई जाएगी और इसमें हजारों की तादाद में परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

हाल ही में केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए सेमेस्टर प्रणाली लागू की है ऐसे में अब स्नातक 6 सेमेस्टर में और परास्ना तक 4 सेमेस्टर में पूरा होता है प्रथम तृतीया और पंचम सेमेस्टर विषम सेमेस्टर कहे जाते हैं जबकि चतुर्थ और सिस्टम को षम सेमेस्टर कहा जाता है। 3 दिसंबर से होने वाली परीक्षा षम सेमेस्टर की मानी जा रही है विश्वविद्यालय स्तर से होने वाली है परीक्षा शहर के किसान पीजी कॉलेज महिला पीजी कॉलेज श्री गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया समेत अन्य स्वामित्व पोषित महाविद्यालय में आयोजित कराई जाएगी विश्वविद्यालय की ओर से प्रश्न पत्र की पहली खेप भेजी गई है। किसान पीजी कॉलेज के स्वायत्तशासी होने के कारण यहां प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का विश्वविद्यालय से संबंध नहीं है। अन्य सेमेस्टर की तैयारी कर ली गई है। सहायक केंद्राध्यक्षों की तैनाती की जा चुकी है। इसी प्रकार महिला पीजी कॉलेज तथा गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया समेत अन्य स्ववित्त पोषित महाविद्यालय में सभी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आयोजित कराई जाएगी।

## हिन्दू रक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन व रैली के मद्देनजर नामित किए गए मजिस्ट्रेट

बहराइच। हिन्दू रक्षा समिति द्वारा सूचित किया गया है कि बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू उत्पीड़न के विरूद्ध 03 दिसम्बर को हिन्दू समाज द्वारा एक वृहद जनआंदोलन प्रस्तावित है। जिसमें लगभग 2000 लोगों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इस कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए हिन्दू समाज के लोग छावनी चौराहा के पास गेंदघर में एकत्र होकर छावनी चौराहा, घण्टाघर चौक, पीपल तिराहा एवं गुरूद्वारा होते हुए धरना स्थल पर पहुंच कर प्रेस-वार्ता के उपरान्त जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त रैली/धरना कार्यक्रम से आमजनमानस को किसी तरह की परेशानी न हो और कानून व्यवस्था एवं शान्ति बनी रहे, इस हेतु जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नगर मजिस्ट्रेट को ओवर आल प्रभारी बनाया गया है।।

## परिवार परामर्श केंद्र ने तीन नाराज जोड़ों में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर तीन परिवारों में सुलह कराकर टूटने से बचाया।

आवेदिका द्वारा, आपसी पारिवारिक विवाद के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:**

**उपसंपादक:** राकेश द्विवेदी

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सहायक संपादक:** रिजवान सैफ खान,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## *किसानों और पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान किया जाए- धर्मपाल सिंह



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेला 2025 में पराग का स्टाल लगाया जाए और गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि विभाग के लिए सुनहरा अवसर है महाकुंभ के पावन अवसर पर विभाग अपनी उपयोगिता की सार्थकता को सिद्ध करे और वहां के श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध और स्वादिष्ट दूध, दही, लड्डू, मक्खन और अन्य पदार्थ सुलभ करा सके। पराग के उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर करना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

पशुधन मंत्री ने ये निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर 05 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया।

श्री सिंह ने कहा कि नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। अवगत कराया गया कि वर्तमान में 8227 कार्यरत समितियां हैं। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दिया जाए।

## संभल की घटना को लेकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालय में छात्रों ने किया प्रदर्शन



**अलीगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर सोमवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालय में छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालय के छात्र नेता नावेद चौधरी ने बताया कि संभल में जो नरसंहार हुआ है। जिनको सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उन लोगों ने ऐसी घटना को अंजाम दिया। इन लोगों ने काम से लौट रहे नौजवानों पर गोली चलाने का काम किया है। जो कि पहले से ही सुनियोजित था। ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री निलंबित कर जेल में डालें।

उन्होंने आगे कहा कि यह खुले भेड़िए हैं। अगर यह ऐसे ही खुलेआम टहलते रहे तो नरसंहार होता रहेगा। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्याल दुनिया में ऐसे जुल्म के खिलाफ सदैव लड़ता रहा है।

उन्होंने कहा कि अपनी मांगों का एक ज्ञापन विश्वविद्यालय की टीम को सौंप दिया है। इनसे आशा है। यह लोग इसे राष्ट्रपति और पीएम को भेज देंगे। जिससे यह जुल्म रुक सके।

संभल के शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। इसमें चार लोगों की जान चली गई थी और कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे। पड़ताल के लिए गठित न्यायिक आयोग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के दो सदस्य रविवार को संभल पहुंचे और हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों से जानकारी ली।

## पच्चासी सौ स्क्वायर फीट में बन रही मधुबनी पेंटिंग बनेगी महाकुंभ के आकर्षण का केंद्र



**महाकुम्भ विशेष संवाददाता**

प्रयागराज। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। महाकुम्भ में दूर दराज से करोड़ों श्रद्धालुओं की आने की प्रबल सम्भावना है। जिन्हे अभिषेक कुमार मण्डल के चित्रकारों द्वारा 85 सौ स्क्वायर फिट की दीवारों में मधुबनी चित्रकला देखने को मिलेगी। जिसका कार्य तेजी से नैनी जंक्शन में चल रहा है। चित्रकला की कोर्डिनेटर निकिता मलिक के अनुसार अभी 65 सौ स्क्वायर का कार्य पूरा हो चुका है। नैनी में 85 सौ स्क्वायर फिट मधुबनी चित्रकला बनाई जाएगी। जो महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र रहेगा। चित्रकला को बनाने बिहार से चित्रकार आए हुए है और कुछ चित्रकार लोकल भी है।आपको बता दें कि मधुबनी चित्रकला, जिसे मिथिला चित्रकला भी कहते हैं, बिहार के मिथिला क्षेत्र की एक प्रमुख कला परंपरा है। यह चित्रकला मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाती है और इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। वही चित्रकार चुलबुल कुमारी जो कि पटना बिहार से है इन्होने ने बताया कि बीए कि पढ़ाई पूरी कर ली है। हमें चित्रकला में अधिक रूचि है। महाकुम्भ में मधुबनी पेंटिंग बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिससे मैं बहुत खुश हूँ और उत्साह पूर्वक कार्य कर रही हूँ।

वही आपको बता दे कि मधुबनी पेंटिंग को बनाने में 9 से 10 चित्रकार लगे हुए हैं। जिसमें ज्यादातर लोग बिहार से ही आए हैं।

## नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओ का दिलाया जाए भरपूर लाभ -केशव



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सोमवार को सर्किट हाऊस मेरठ में मेरठ के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वह जनप्रतिनिधियो के साथ समय-समय पर बैठक कर एवं समन्वय बनाते हुये बताये गये कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। प्रभारी मंत्री द्वारा की गई समीक्षा बैठक में दिये गये निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये आख्या प्रस्तुत की जाये। उन्होने कहा कि विश्वास के साथ विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जनपद में समस्त विभागो द्वारा किये गये कार्यों की उप मुख्यमंत्री द्वारा सराहना की गई।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है।विश्वास के साथ विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश में प्रगति के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## धूमधाम से मनाई गई बाबू बागेश्वर यादव की जयंती

**जहानागंज** आजमगढ़ क्षेत्र के बबुरा में स्थित आदर्श किसान उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रविवार को स्वर्गीय बाबू बागेश्वर यादव की 112 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री विधायक दुर्गा प्रसाद यादव तथा मुबारकपुर विधानसभा के विधायक अखिलेश यादव ने स्वर्गीय बागेश्वर यादव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रृद्धांजलि देते कार्यक्रम को प्रारंभ किया उपस्थित लोगों को पूर्व मंत्री विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय रामनरेश यादव जी पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रजीत यादव की राजनीतिक गुरु रहे इस जयंती पर हमें एक जूटता का संकल्प लेना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी मुबारकपुर के विधायक अखिलेश यादव ने कहा कि बाबू बागेश्वर यादव पिछड़े दलितों के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे तथा समाज में शिक्षा की पहल जगाई

कार्यक्रम के आयोजक प्रमेन्द्र यादव धनेश्वर सुपौत्र स्वर्गीय बागेश्वर यादव ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया तथा कहा कि बाबूजी ने उस समय संघर्ष कर आवाज को जोड़ने का काम किया था जब समाज अंग्रेजी हुकूमत से ज्यादा प्रोग्राम की जर्जरता से शोषित तथा एक जुटता अपील के साथ वर्तमान राजनीतिक सुधार पर जोर दिया

स्वर्गी बाबू बागेश्वर यादव के चित्र श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव पूर्व प्रधान कालिका यादव,गिरीश चंद्र यादव महा प्रधान राधेश्याम भारती राम प्रवेश यादव विधानसभा अध्यक्ष सोमनाथ यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी

## स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय हिंदू स्वयं सेवक संघ ने भरी हिन्दू राष्ट्र की हुंकार

**प्रयागराज। राष्ट्रीय** हिंदू स्वयं सेवक संघ का स्थापना दिवस हिंदू राष्ट्र के उद्घोष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की पहल न्यायमूर्ति शेखर जी द्वारा ध्वजपूजन के साथ शुरू होकर धर्म ध्वजा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। मंचीय कार्यक्रम में लोकप्रिय हिंदुत्व उद्घोषक डॉक्टर माहिम तिवारी जी शामिल हुए, इस कार्यक्रम में प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी के साथ शहर के कई पार्षद शामिल हुएं। राष्ट्रीय हिंदू स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में अखंड हिंदुराष्ट्र की परिकल्पना का सपना साकार करने के संकल्प, समाज नशा मुक्त बने, सभी पेड़ लगाए और बहु को बेटी माने तमाम संकल्प लिए गए। समूचे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता कमलेश ने किए। इस कार्यक्रम में गुजरात, महाराष्ट्र, कोलकाता, छत्तीसगढ़, राजस्थान, आगरा, बरेली, कानपुर, बिहार, मध्यप्रदेश से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें आशीष पाण्डेय मुख्य व्यस्थापक, रामसिंह, दिलीप की अर्पित जी आर. के. सिंह, कृष्णा, जमुना दास जी, सुमित मिश्र, प्रशांत केसरी, शनि ठाकुर, ऋषभ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## साहित्यकार सत्यव्रत सिंह की स्मृति में केडीसी में हुआ जैकेट वितरण

**बहराइच।** साहित्यकार सत्यव्रत सिंह की स्मृति में किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विनय सक्सेना की। जैकेट वितरण कार्यक्रम के आयोजक मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सत्यभूषण सिंह थे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. नीरज पांडेय, स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.आनंद श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग के डीन डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. राजू निगम, डॉ,शैलेश कुमार,डॉ.प्रशांत श्रीवास्तव,बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, पल्लवी वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मामूली फीस से इंग्लिश स्पीकिंग सीखेंगे गरीब परिवार के बच्चे

**बहराइच।** केयर हब हेल्प फाउंडेशन(एनजीओ) सामाजिक संस्था की ओर से नियुक्त सभी वालंटियर्स एवं टीचर्स की ट्रेनिंग प्रोग्राम एवं मीटिंग प्रोग्राम संस्था के सीएमडी एके मिश्रा की अध्यक्षता में शिवपुर ब्लॉक में संपन्न हुई।बताते चलें कि जिले की समस्त ब्लाकों की ग्राम पंचायतों में संस्था की ओर से चलाए जा रहे मिशन, "सब पढ़ें, सब बढें" साक्षरता अभियान के तहत गांव गांव में संस्कार पाठशाला खोल रही है।जिसमें टीचर्स एवं वालंटियर्स की भर्ती कर रही है। जहां पर गरीब वर्ग के बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा, इंग्लिश स्पीकिंग,नैतिक शिक्षा,आध्यात्मिक ज्ञान एवं संस्कार आदि नाम मात्र की शुल्क में सिखाया जाता है इसके साथ ही बहराइच ज़िले में केयर हब हेल्प फाउंडेशन विभिन्न प्रकार से लोगों की सेवा व मदद भी कर रही है। गरीब बच्चों की शिक्षा,गरीब बेटियों की शादी में मदद, स्वास्थ्य,गरीब बेरोजगार महिला एवं पुरुषों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रेनिंग सेंटर स्थापित कर बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाना, महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान,स्वास्थ्य परीक्षण कैंप, स्वच्छ भारत मिशन, आदि विभिन्न प्रकार से ज़िले में ब्लाकों की ग्रामपंचायतों में संस्था की ओर से कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं। ग्राम पंचायतों में सदस्य भी बनाए जा रहे हैं,जिनको संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।इस मौके पर संस्था के सीएमडी अखिल मिश्रा, भूपेंद्र तिवारी, शिवपुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आकाश पाठक, दुर्गेश मिश्रा (टीचर), अंबिका पाठक(टीचर), चांदनी पाठक (टीचर), प्रज्ञा मिश्रा (ट्रेनर), राजेश्वरी देवी, मंजू देवी,सबीना आदि लोग मौजूद रहे।

## एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्रों ने लहराया परचम

**लखनऊः** बीकेटी स्थित एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्र छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम संस्कृति-सुरभि 2024 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया करते हुए कई पदक अपने नाम किए। जिसमें गोल्ड और सिल्वर प्रमुख हैं छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना कौशल का उपयुक्त प्रदर्शन करते हुए अलग अलग खेलों में पदक हासिल किए। अंशी राव भाला फेंक में, रिले रेस 4x100 मीटर जिसमे ऋषभ सिंह, अभय सिंह, आशीष कुमार, अभिमन्यु सिंह शामिल थे, रिले रेस 4x400 मीटर जिसमे विवेक, ऋषभ, अभय, अभिषेक शामिल थे, एवं 1600 मीटर रेस में विवेक शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि6 रजत पदक भी छात्र छात्राओं ने अपने नाम किए। एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने इस खास मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है वो वाकई काबिले तारीफ है। इससे पहले अनुष्का चौहान ने बास्केटबाल में एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया और अब छात्रों का यह प्रदर्शन। मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास हमेशा से हमारी प्राथमिकता रही है, और छात्रों का यह प्रदर्शन हमे और बल देता है।

कि हम छात्रों का सर्वांगीण विकास करें।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी